● जयपुर, सोमवार, 20 मई 24 ● वर्ष 13 ● अंक 263 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की सीकर जिले के...

पेज @4 पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह का आरोप- पत्नी-बेटा पीटते हैं...

पेज @8 राष्ट्रीय सहकार मेले का हुआ उद्घाटन...

## जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र: घाटशिला में चुनावी जनसभा को पीएम मोदी ने किया संबोधित

# उद्यम से नहीं, कांग्रेस को भ्रष्टाचार से मतलब

संवाददाता

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव देश को और युवाओं को सशक्त बनाने के लिए भविष्य को चुनता है। चुनाव में राष्ट्रीय सुरक्षा की बात होनी चाहिए। इंफ्रास्ट्रक्चर पर बात होनी चाहिए। विकास की बात होनी चाहिए लेकिन कांग्रेस-झामुमो को देश के विकास से मतलब नहीं। इन्हें तो विकास का क, ख, ग भी नहीं मालूम। ये सबकी संपत्ति का एक्स-रे कराने, एससी-एसटी का आरक्षण छीनने और रोज मोदी को गाली देने का ही काम करते हैं। इससे आगे वे सोच नहीं सकते।

**संपत्ति का एक्स-रे कराने और एससी-एसटी का आरक्षण छीनने से आगे सोच नहीं सकते कांग्रेस-झामुमो:** पीएम मोदी रविवार को जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के घाटशिला के ताम्र प्रतिभा मंच मैदान (मऊभंडार) में विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जमशेदपुर लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी बिद्युत वरण महतो के लिए जनता से सहयोग मांगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि समाज, देश के विकास में उद्यम, उद्योगपतियों और निवेशकों का बड़ा रोल होता है। जमशेदपुर का तो नाम ही टाटा से जुड़ा है। कांग्रेस उद्यम करने वालों को देश का दुश्मन मानती है, जो कारोबारी उन्हें पैसा नहीं देते, उन पर हमला करते हैं। कांग्रेस और झामुमो को लूट, भ्रष्टाचार, वसूली से मतलब है, उद्यम से नहीं।

मोदी ने कहा कि तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों के मुख्यमंत्री बताएं कि उद्यम निवेशकों के बारे में क्या वे कांग्रेस के शहजादे के नजरिए से सहमत हैं। यदि उनके राज्य को छोड़कर निवेशक दूसरे राज्य चले जाएं तो नौजवानों के हक नहीं छीने जाएंगे। रोजगार का संकट नहीं आएगा। पलायन को समस्या नहीं होगी। उद्योग और कारोबार के मामले में कांग्रेस पूरी तरह माओवादी, नक्सली भाषा बोल रही। नक्सली भी रंगदारी लिए बिना कारोबार नहीं करने देते थे। एनडीए सरकार ने इनकी कमर तोड़ी है। अब रंगदारी का जिम्मा कांग्रेस, झामुमो ने उठा लिया है।



### 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला

मोदी ने कहा कि 60 सालों तक कांग्रेस देश से गरीबी हटाओ की बात करती रही। उन्होंने (मोदी) गरीबी देखी है, इसका दर्द भोगा है। इसलिए इसके निदान के लिए योजनाएं बनायीं। 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। लोगों को बैंक की चौखट तक पहले नहीं जाने दिया गया। उनकी सरकार में 52 करोड़ जनधन खाते खोले गए। चार करोड़ गरीबों को पक्का घर मिला।मोदी ने राहुल पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के शहजादे वायनाड से भागकर रायबरेली पहुंचे हैं। कह रहे कि उनकी मम्मी की सीट है। आठ साल का बच्चा भी ऐसा नहीं कह सकता। उनकी माता भी वहां लोगों से कहने गयीं कि वे अपना बेटा उन्हें सौंप रही। रायबरेली वाले उनसे पूछ रहे कि कोरोना काल में गायब रहने वाली अब बेटे को रायबरेली वालों को देने आयी हो। ये सब परिवारवादी लोग हैं, जिन्हें खुद के बाद किसी कार्यकर्ता को मौका देने की बजाय बेटे को ही मौका देना है। कांग्रेस, झामुमो को अपने हितों से मतलब है।

### झारखंड का नाम आते ही नोटों की गड्डी की याद आती है

मोदी ने कहा कि भाजपा ने आदिवासी समाज के उत्थान के लिए बहुत काम किए। बिरसा मुंडा की जयंती पर राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा। आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया, जिसका विरोध कांग्रेस ने किया। झारखंड अकूत खनिज संपदा से भरा पड़ा है। इतनी संपदा है कि आप सोच नहीं सकते। फिर भी इतनी गरीबी का होना चिंताजनक है। आज झारखंड का नाम आते ही सबके जेहन में यहां मिलने वाले नोटों के पहाड़ का भी ध्यान आता है। यह भी कि इसके चलते यहां के अफसर जेल में हैं। एक पूर्व मुख्यमंत्री जेल में हैं। कांग्रेस झामुमो के लोगों ने काली कमाई से नोटों का ढेर लगा रखा है। कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। टू जी घोटाला, कोयला घोटाला इनके समय हुआ। झामुमो को भी यही आदत लग गयी। गरीब आदिवासियों के साथ ही सेना तक की जमीन हड़प ली। नोटों के जो पहाड़ इनके घरों, ठिकानों से बरामद हुए वे इनके नहीं। गरीब, दलितों, आदिवासियों के हैं, जिन्हें वे वापस दिलाएंगे। अब वे कानूनी सलाह ले रहे कि इस धन को कैसे वापस गरीबों, आदिवासी को दिया जाये। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश महतो सहित अन्य भी उपस्थित थे।

## एक नजर

### सीआरपीएफ के जवान ने की आत्महत्या

**रांची।** रांची के धुर्वा स्थित सीआरपीएफ कैंप 133 में पदस्थापित हवलदार बसंत कुमार ने सल्फास की गोली खा ली थी। इसके बाद उसे पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई। जवान के आत्महत्या करने की वजह सामने नहीं आ पायी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

### पुंछ में तीन ओवरग्राउंड वर्कर्स हिरासत में

**पुंछ।** पुंछ पुलिस ने सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत तीन ओवरग्राउंड वर्कर्स को हिरासत में लिया है। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत गुरसाई तहसील मेंढर जिला पुंछ के निवासी इफ्तार अहमद पुत्र मोहम्मद रशीद, खुर्शीद अहमद पुत्र नजर हुसैन और गुलाम अब्बास पुत्र लाल हुसैन को हिरासत में लिया है। उन्होंने कहा कि यह तीनों अपराधी समाज में आतंक और भय फैलाने के लिए विभिन्न हथकंडे अपनाते हैं। इनके कार्यों से सार्वजनिक सुरक्षा और शांति के लिए गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य की सुरक्षा और हानिकारक आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए जिला पुलिस पुंछ ने जिला मजिस्ट्रेट पुंछ से मिले आदेश पर तीनों को हिरासत में लिया है।

### ईरान के राष्ट्रपति रईसी को ले जा रहे हेलीकॉप्टर की हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**दुबई।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को ले जा रहे एक हेलीकॉप्टर को आपात स्थिति में उतारा गया है और बचावकर्मी मौके पर पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। सरकारी टेलीविजन की खबर में रविवार को यह जानकारी दी गई है। खबर के अनुसार, हेलीकॉप्टर के साथ क्या घटित हुआ, इस संबंध में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। रईसी ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत में जा रहे थे। रईसी (63) एक कट्टरपंथी हैं, जिन्होंने पूर्व में देश की न्यायपालिका का नेतृत्व किया था। उन्हें ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के करीबी के रूप में देखा जाता है और कुछ विश्लेषकों का कहना है कि वह 85 वर्षीय नेता (खामेनेई) की मृत्यु या पद से इस्तीफा देने के बाद उनकी जगह ले सकते हैं।

## लोकसभा चुनाव : 5वें चरण में 8 राज्यों की 49 सीटों पर होगी वोटिंग

# तैयारियां पूरी, मतदान आज

### बॉलीवुड सितारों ने सोशल मीडिया अकाउंट पर की लोगों से वोट करने की अपील

संवाददाता

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में आठ राज्यों की 49 सीटों पर सोमवार को मतदान होगा। मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस चरण में 8.95 करोड़ मतदाताओं के लिए 94 हजार से अधिक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान सुबह 07 से शाम 06 बजे तक चलेगा। इस चरण में उत्तर प्रदेश की 14, बिहार की 05, झारखंड की 03, महाराष्ट्र की 13, ओडिशा की 05, पश्चिम बंगाल की 07, जम्मू-कश्मीर की 01 और लद्दाख की 01 सीट पर मतदान होगा। इसके साथ ही ओडिशा विधानसभा की 35 सीटों पर भी मतदान होगा। इस चरण के लिए चुनाव प्रचार शनिवार शाम को समाप्त हो गया था। इस चरण में 49 सीटों पर कुल 695 उम्मीदवार मैदान में हैं।

चुनाव आयोग ने कहा है कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि मतदान आरामदायक और सुरक्षित वातावरण में हो, मतदान केंद्र पर्याप्त छाया, पीने के पानी, रैंप, शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाओं के साथ मतदाताओं के स्वागत के लिए तैयार हैं। संबंधित सीईओ/डीईओ और राज्य मशीनरी को उन क्षेत्रों में गर्म मौसम की स्थिति का प्रबंधन करने के लिए पर्याप्त उपाय करने की सलाह दी गई है, जहां इसका पूवार्नुमान है।

मतदान दलों को ईवीएम और चुनाव सामग्री के साथ उनके संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया गया है।

इन 49 क्षेत्रों में से सामान्य के लिए 39 और तीन एसटी तथा सात एससी के लिए आरक्षित हैं। वहीं ओडिशा में 35 विधानसभा क्षेत्रों में सामान्य के लिए 21 और 08 एसटी तथा 06 एससी के लिए आरक्षित हैं। इस चरण में 8.95 करोड़ से अधिक मतदाताओं में 4.69 करोड़ पुरुष, 4.26 करोड़ महिला और 5409 तृतीय लिंग मतदाता हैं। 85 वर्ष से अधिक आयु के 7.81 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाता और 100 वर्ष से अधिक आयु के 24,792 मतदाता और 7.03 लाख दिव्यांग मतदाता हैं। इन्हें अपने घर से आराम से मतदान करने का विकल्प प्रदान किया गया है।



### राज्यों में विशेष पर्यवेक्षक तैनात

मतदान व्यवस्था के लिए 17 विशेष रेलगाड़ियां और 508 हेलीकॉप्टर उड़ानें मतदान और सुरक्षाकर्मियों को ले जाने के लिए लगाई गईं। 153 पर्यवेक्षक (55 सामान्य पर्यवेक्षक, 30 पुलिस पर्यवेक्षक, 68 व्यय पर्यवेक्षक) मतदान से कुछ दिन पहले ही अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंच चुके हैं। वे अत्यधिक सतर्कता बरतने के लिए आयोग की आंख और कान के रूप में कार्य करते हैं। इसके अतिरिक्त कुछ राज्यों में विशेष पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया है। मतदाताओं को किसी भी प्रकार के प्रलोभन से सख्ती से और तेजी से निपटने के लिए कुल 2000 फ्लाइंग स्क्वॉड, 2105 स्टेटिक निगरानी टीमें, 881 वीडियो निगरानी टीमें और 502 वीडियो देखने वाली टीमें चौबीसों घंटे निगरानी रख रही हैं। कुल 216 अंतरराष्ट्रीय सीमा चौकियां और 565 अंतरराज्यीय सीमा चौकियां शराब, ड्रग्स, नकदी और मुफ्त वस्तुओं के किसी भी अवैध प्रवाह पर कड़ी निगरानी रख रही हैं। इस चरण में बिहार की सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर, झारखंड की चतरा, कोडरमा और हजारीबाग, महाराष्ट्र की धुले, डिंडोरी, नासिक, पालघर, भिवंडी, कल्याण, ठाणे, मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर-पश्चिम, मुंबई उत्तर-पूर्व, मुंबई उत्तर-मध्य, मुंबई दक्षिण-मध्य और मुंबई दक्षिण, ओडिशा की बरगढ़, सुंदरगढ़, बोलांगीर, कंधमाल और अस्का, उत्तर प्रदेश की मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झाँसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा, पश्चिम बंगाल की बनगांव, बैरकपुर, हावड़ा, उलुबेरिया, श्रीरामपुर, हुगली और आरामबाग, जम्मू-कश्मीर की बारामूला तथा लद्दाख की लद्दाख सीट पर मतदान होगा।

# भाजपा 'आप' को चुनौती मानती है, उसने कुचलने के लिए 'ऑपरेशन झाडू' शुरू किया': केजरीवाल

### केजरीवाल ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आम आदमी पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से चिंतित हैं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी (आप) को कुचलने के लिए 'ऑपरेशन झाडू' शुरू किया है क्योंकि भाजपा 'आप' को एक चुनौती के रूप में देखती है। भाजपा मुख्यालय पर 'आप' के प्रस्तावित विरोध मार्च से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आगे बड़ी चुनौतियां सामने आएंगी।

उन्होंने कार्यकताओं से उनका सामना करने के लिए तैयार रहने को कहा। केजरीवाल ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आम आदमी पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से चिंतित हैं। पार्टी बहुत तेजी से आगे बढ़ी है। उन्होंने पार्टी को कुचलने के लिए 'ऑपरेशन झाडू' शुरू किया है। आने वाले समय में हमारे बैंक खातों से लेन-देन पर रोक लगा दी जाएगी, हमारा कार्यालय भी छीन लिया जायेगा और हम सड़क पर आ जायेंगे।



उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं से कहा, हमारे सामने आगे बड़ी चुनौतियां होंगी। कृपया उनका सामना करने के लिए तैयार रहें। एक बात याद रखें कि अतीत में हमें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। हमारे ऊपर भगवान हनुमान का आशीर्वाद है। हम इनसे बच नहीं पाते सत्य के मार्ग पर चलना है। हम समाज के लिए काम करना चाहते हैं। आबकारी नीति मामले में अंतरिम जमानत पर बाहर आए केजरीवाल ने शनिवार को कहा था कि वह अन्य आप नेताओं के साथ 19 मई को भाजपा मुख्यालय जाएंगे 'ताकि प्रधानमंत्री जिसे चाहें उसे जेल भेज सकें'। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा, ''हम शांतिपूर्ण तरीके से भाजपा मुख्यालय तक मार्च करेंगे और अगर पुलिस हमें रोकती है तो हम वहीं बैठ जाएंगे। हम आधे घंटे तक इंतजार करेंगे और देखेंगे कि क्या वे हमें गिरफ्तार करते हैं। अगर उन्होंने हमें गिरफ्तार नहीं किया तो यह उनकी हार होगी। आप हम सबको जेल भेज सकते हैं और खुद देख सकते हैं कि पार्टी खत्म होती है या और आगे बढ़ती है।

### पीएम ने देश की अर्थ व्यवस्था को नष्ट कर दिया: राहुल गांधी

**प्रयागराज।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर देश की अर्थव्यवस्था को खत्म करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इन्होंने देश के 22 लोगों को करोड़पति बनाया है। समाजवादी पार्टी और कांगेस गंठबंधन की संयुक्त रूप से रविवार को प्रयागराज के इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र करछना में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्री मोदी ने देश के 22 लोगों को अरबपति बनाया है इंडिया गठबंधन देश के हर गरीब घर से एक महिला के खाते में हर महीने आठ हजार पांच सौ रूपए डालकर करोड़पति बनाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा आज संविधान खतरे में हैं और उसे हर हाल में बचाना होगा। भाजपा और आरएसएस इसपर हमला बोल रहा है। अम्बेडकर जी का संविधान, महात्मा गांधी का संविधान, जवाहरलाल नेहरू और हिन्दुस्तान के संविधान को कोई भी शक्ति को पार करने की हिम्मत किसी में नहीं है।

# पश्चिम बंगाल में मंदिरों में तोड़फोड़ के खिलाफ पूरे राज्य में प्रदर्शन

### दुर्गा मंदिर, एक शिव मंदिर तथा एक शनि मंदिर को जिहादियों ने निशाना बनाया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के धूपगुड़ी में चार हिन्दू मंदिरों पर हमले और तोड़फोड़ किये जाने और इस पर प्रशासनिक निष्क्रियता के विरोध में राज्यव्यापी प्रदर्शन करेगी। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने यहां अपने बयान में कहा कि परसों शुक्रवार की रात पश्चिम बंगाल के जलपाई गुड़ी जिलांतर्गत धूपगुडी में कॉलेज के पास चार हिंदू मंदिरों में हुई तोड़फोड़ और उस पर स्थानीय शासन प्रशासन की उदासीनता के विरूद्ध सम्पूर्ण हिंदू समाज आक्रोषित है। खबर है कि दो दुर्गा मंदिर, एक शिव मंदिर तथा एक शनि मंदिर को जिहादियों ने निशाना बनाया है। मंदिर समितियों द्वारा लिखित शिकायत के बावजूद अभी तक किसी भी आक्रांता की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी कर कठोरतम सजा की मांग करती है।

उन्होंने कहा कि घटना के विरोध में पूरे उत्तर बंगाल में जिला केंद्रों पर प्रदर्शन कर ज्ञापन देकर विरोध जताया जाएगा। साथ ही अधर्मियों को तुरन्त गिरफ्तार करने की मांग रखी जाएगी। जानकारी मिली है कि आज के प्रदर्शन के डर, पश्चिमी बंगाल सरकार ने, अलग अलग जिलों में अनेक हिंदू कार्यकर्ताओं को डिटेन कर लिया है। तृणमूल कांग्रेस के दमन के आगे हिंदू समाज झुकने वाला नहीं है।

## स्वाति मालीवाल मारपीट मामले की जांच के लिए मुख्यमंत्री आवास पहुंची दिल्ली पुलिस

# सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और डीवीआर की है तलाश

### सौरभ भारद्वाज ने लगाया आरोप कहा- पुलिस लगातार जनता के बीच झूठ फैला रही है

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट और बदसलूकी मामले में दिल्ली पुलिस ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस की एक टीम रविवार को मुख्यमंत्री आवास में जांच करने के लिए पहुंची। पुलिस वहां से एक सीलबंद बॉक्स लेकर आई है। पुलिस घटना के दिन की डीवीआर आदि के उपलब्ध नहीं होने की वजह से मुख्यमंत्री आवास पहुंची थी। सीसीटीवी फुटेज की भी जांच पड़ताल की जाएगी। पुलिस का प्रयास है कि घटना से जुड़े सभी साक्ष्य जुटाए जाएं।



पुलिस सूत्रों के मुताबिक दिल्ली पुलिस की एक टीम एडिशनल डीसीपी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री आवास पर इसलिए पहुंची ताकि स्वाति मालीवाल से जुड़ी घटना की बारीकी से जांच की जाए। पुलिस को अभी तक मुख्यमंत्री आवास में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और डीवीआर उपलब्ध नहीं कराया गया है।

उधर, आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता एवं दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया कि पुलिस लगातार जनता के बीच झूठ फैला रही है। पूरा देश इस बात को जानता है और मीडिया में भी उनकी खबर दिखाई गई थी कि विभव कुमार मुख्यमंत्री केजरीवाल के साथ लखनऊ में थे, उनकी साझा तस्वीर भी मीडिया में दिखाई गई थी। इसके बावजूद पुलिस मीडिया में झूठी खबर फैला रही थी कि विभव कुमार फरार हैं।

### विभव जांच में सहयोग को तैयार

भारद्वाज ने कहा कि जिस विभव कुमार को दिल्ली पुलिस फरार बता रही थी, उन्होंने खुद दिल्ली पुलिस को ईमेल भेजकर अपनी जानकारी दी और कहा कि मैंने इस मामले में एक शिकायत दर्ज कराई है। इस पूरे मामले में मैं जांच में सहयोग के लिए तैयार हूं। भारद्वाज ने कहा कि इस मामले में दिल्ली पुलिस द्वारा एक और झूठ फैलाया गया। उन्होंने कहा कि विभव के थाने पहुंचने के थोड़ी ही देर बाद एक बार फिर दिल्ली पुलिस द्वारा बेहद ही चौंकाने वाली खबर फैलाई गई। पुलिस ने कहा कि विभव को केजरीवाल के घर से गिरफ्तार किया गया, जबकि विभव ने खुद दिल्ली पुलिस को जानकारी देकर बुलाया था और जांच में सहयोग के लिए खुद अपनी मर्जी से थाने गए थे।

# मुंबई के इस इलाके में होगा बम विस्फोट!

### पुलिस को मिली मैकडॉनाल्ड को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के दादर इलाके में स्थित मैकडॉनाल्ड को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को एक धमकी भरा कॉल मिला है। फोन करने वाले शख्स ने पुलिस को बताया कि वो बेस्ट की बस नंबर- 351 में यात्रा कर रहा था। उसी दौरान उसने दो लोगों को मैकडॉनाल्ड उड़ाने की बात करते सुना। इस बात की जानकारी कॉलर ने शनिवार की रात पुलिस कंट्रोल को कॉल कर दी। इस कॉल के बाद मुंबई पुलिस जांच और छानबीन में जुट गई, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

इन दिनों बम धमाके की धमकी की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। बीते दिनों दिल्ली एयरपोर्ट पर एयर इंडिया की फ्लाइट के शौचालय में एक टिशू पेपर पर 'बम' लिखा हुआ मिला, जिसके बाद अधिकारियों में हड×कंप मच गया। सुरक्षा एजेंसियों ने इसकी जांच की और आखिर में बम होने की सूचना को अफवाह बताया।

## बॉलीवुड के अनकहे किस्से: एफटीआईआई, गिरीश कर्नाड, ओमपुरी और राजकपूर...

भारत सरकार द्वारा पुणे में फिल्म प्रशिक्षण के लिए शुरू किए गए फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया यानी एफटीआईआई की शुरूआत में 6 पाठ्यक्रम रखे गए थे- निर्देशन, फोटोग्राफी, संपादन, ध्वनि, पटकथा लेखन और अभिनय। अभिनय में 20 सीटें थीं और बाकी सभी में दस- दस। एक जनवरी 1974 को एफटीआईआई के निदेशक के रूप में गिरीश कर्नाड ने कार्यभार संभाला। संस्कार फिल्म की सफलता, वंश वृक्ष फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का राष्ट्रीय पुरस्कार और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस में प्रबंधक के पद पर किए गए उल्लेखनीय कार्य इसकी पृष्ठभूमि में थे जिस कारण 35 वर्ष की आयु में उन्हें यह पद सौंपा गया था।

इससे पहले वह 1972 में एफटीआईआई के निर्देशन पाठ्यक्रम की चयन समिति के सदस्य भी रहे थे जिसमें केतन मेहता, सईद मिर्जा, कुंदन शाह, विधु विनोद चोपड़ा और गिरीश कासरवल्ली जैसे छात्र चुने गए थे। उन्होंने वहां तीन साल का कार्यकाल मांगा था जिसका प्रतिवर्ष नवीनीकरण किया जाना था। उनकी सैलरी थी 2,700 रुपए। वे संस्थान के तीसरे निदेशक थे। उसके पहले संस्थापक निदेशक जगत मुरारी थे और बाद में कुछ समय के लिए आकाशवाणी के रिटायर अधिकारी दीक्षित इसके निदेशक रहे थे। गिरीश कर्नाड ने कार्यभार संभालते ही सबसे पहले सबका कार्यालय में ठीक समय यानी 9:30 बजे आना शुरू कराया। कैंटीन से निदेशक के लिए आ रहा फ्री दूध बंद करा दिया और ऑफिस के वाहनों का निजी कामों में इस्तेमाल करने पर एक फीस लगा दी। इस दायरे में उन्होंने खुद और अपनी मां को जो उनके साथ रहती थीं, उनको भी रखा। इतना ही नहीं पुस्तकालय में दबी छिपी रखी वीजी दामले की प्रतिमा जो कि प्रभात स्टूडियो के संस्थापकों में से एक थे, उसको साफ-सुथरा करवा कर अपने कार्यालय में लगवाया। एफटीआईआई का निदेशक बनने के बाद उन्होंने जो एक और बड़ा फैसला लिया वह था अभिनय पाठ्यक्रम के लिए हर उम्मीदवार से लिए जाने वाले स्क्रीन टेस्ट को रद्द करना। यह संस्थान के लिए क्रांतिकारी कदम था क्योंकि अब तक संस्थान में अभिनय प्रशिक्षण के लिए चुने जाने वाले चेहरों के पीछे मूल विचार बंबई के फिल्म उद्योग के लिए सुंदर, चॉकलेटी और करिश्माई हीरो को चुनना था। उनके फैसले से अभिनय के प्रोफेसर रोशन तनेजा बहुत परेशान हो गए। उस साल अभिनय पाठ्यक्रम के उम्मीदवारों में एनएसडी से डिप्लोमा प्राप्त एक लंबा, बहुत दुबला और चेचक के धब्बों से भरे चेहरे वाला एक प्रत्याशी था। अपने इंटरव्यू में उसने जो एकल अभिनय प्रस्तुत किया वह कोई असाधारण प्रतिभाशाली अभिनेता ही कर सकता था। लेकिन निर्णय वही हुआ... जूरी ने उसे यह कहते हुए कि वह शानदार अभिनेता तो जरूर है लेकिन उसका हुलिया फिल्म उद्योग में काम करने के लायक नहीं है उसे तुरंत खारिज कर दिया केवल गिरीश कर्नाड और अभिनेता जयराज के अलावा। अंत में अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए गिरीश कर्नाड ने उसे अभिनय पाठ्यक्रम के लिए चुन लिया।

आगे चलकर यह अभिनेता उस पीढ़ी के प्रमुख अभिनेता के रूप में उभर कर सामने आया और कर्नाड के चयन को पूरी तरह सही ठहराया। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त यह अभिनेता और कोई नही ओमपुरी थे जिन्होंने 20 वर्ष बाद फिल्म फेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड लेते हुए मंच से कहा था, "अगर गिरीश ने पुराने नियम को तोड़ कर मुझे संस्थान में न लिया होता तो आज मैं यहां खड़ा न होता।" इसी वर्ष अभिनय में चयन को लेकर एक और किस्सा हुआ। नीली आंखों वाले एक खूबसूरत युवक की सिफारिश के लिए बड़े-बड़े फिल्मकारों ने गिरीश कर्नाड को पत्र लिखे थे। प्रोफेसर तनेजा भी उसका प्रवेश चाहते थे लेकिन तब तक 10 पुरुष और 10 महिला कलाकार प्रशिक्षण के लिए चुने जा चुके थे। तब तनेजा साहब ने गिरीश कर्नाड को सुझाव दिया कि अगर हम उसको 11 नंबर पर रखकर प्रतीक्षा सूची में पहले नंबर पर रखते हैं तो जूरी का निर्णय सम्मानजनक लगेगा। कुछ लोगों के मना करने पर भी कर्नाड ने यह मान लिया और सूची जारी कर दी। अचानक एक दिन मीटिंग के दौरान उन्हें पता चला की राज कपूर साहब आए हैं और बाहर इंतजार कर रहे हैं। इंस्टिट्यूट से थोड़ी दूर लोनी में राज कपूर का फॉर्म हाउस था लेकिन आज वह पहली बार संस्थान में आए थे। उनके आगमन से पूरे संस्थान में हलचल मच गई और सभी शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी अपने-अपने काम छोड़ कर उनके स्वागत में लगना चाहते थे। लेकिन क्योंकि वह बिना अप्वॉइंटमेंट आए थे इसलिए गिरीश कर्नाड ने मीटिंग खत्म नहीं की और राज कपूर को प्रशासनिक अधिकारी के कमरे में बैठ कर इंतजार करने का संदेश भिजवा दिया। राज कपूर ने मिलते ही अपना दुखड़ा सुनाया जिसका मतलब था कि उस लड़के को प्रतीक्षा सूची में रखकर उन्होंने गलत किया है। कर्नाड के यह तर्क कि ऐसा न करने पर उन्हें किसी बेहतर अभिनेता की कुबार्नी देनी होती से भी वे संतुष्ट न हुए। राज कपूर का तर्क था कि अगर उस लड़के में जरा भी टैलेंट नहीं था तो आपने उसे रिजेक्ट कर दिया होता, प्रतीक्षा सूची में पहले नंबर पर रखने की क्या जरूरत थी?

अचानक उन्होंने अपनी आवाज को भावुक बनाते हुए कहा कि हमने फिल्म इंडस्ट्री को अपना पूरा जीवन दिया है, क्या हमारी इतनी बात का सम्मान नहीं रखा जा सकता। लगा जैसे अपमान के दर्द से उनकी आवाज थरथरा रही हो। राज कपूर को गाड़ी तक छोड़ते समय गिरीश कर्नाड ने उनसे कहा कि सर जितने भी लोगों ने उसकी सिफारिश की है अगर उनमें से कोई एक भी लिख कर दे दे कि वह अपने प्रोडक्शन में उसको कोई भी काम देगा तो मैं उसको पाठ्यक्रम में दाखिला दे दूंगा। लेकिन राज साहब चुप रहे तब कर्नाड ने कहा,"सर आप संस्थान में पहली बार आए हैं, मैं आपको निराश नहीं करूंगा। उससे कह दीजिए उसे दाखिला दे दिया गया है। धन्यवाद देकर राज कपूर चले गए। मजेदार बात यह हुई कि वहां से जाने के बाद राज साहब ने फौरन उस युवक को बुलाकर कहा कि मैंने तुम्हें संस्थान में दाखिला दिला दिया है, अब मेरे पास काम मांगने मत आना। सच में दिलीप धवन नाम के इस कलाकार को किसी ने काम नहीं दिया। एफटीआईआई में निर्देशन का कोर्स कर रहे सहपाठी सईद मिर्जा के टीवी धारावाहिक नुक्कड़ ने ही उनको देशव्यापी पहचान दिलाई।

# कायम रहेगा योगी राज



डॉ. सौरभ मालवीय



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबंध में दिए गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान के पश्चात प्रदेश में सियासी पारा बढ़ गया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने लखनऊ में पुनः दावा किया है कि यदि भारतीय जनता पार्टी केंद्र की सत्ता में आई तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हटा दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले डेढ़-दो वर्षों से अमित शाह को पीएम बनाने में लगे हुए हैं। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने शिवराज सिंह चौहान, वसुन्धरा राजे सिंधिया, देवेंद्र फडणवीस, रमन सिंह और मनोहर लाल खट्टर को पहले ही हटा दिया। अब अमित शाह के प्रधानमंत्री बनने की राह में केवल योगी आदित्यनाथ ही अंतिम कांटा हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी अगले वर्ष 17 सितंबर को जैसे ही 75 वर्ष के हो जाएंगे, वे प्रधानमंत्री पद छोड़ कर अमित शाह को प्रधानमंत्री बना देंगे। इसके पश्चात दो से तीन महीने में योगी आदित्यनाथ को हटा दिया जाएगा। अरविंद केजरीवाल के इस बयान की प्रासंगिकता पर चर्चा हो रही है या चर्चा में रहने के लिए यह राजनीतिक जुमला मात्र है।

वास्तव में अरविंद केजरीवाल भी जानते हैं कि उनका यह बयान असत्य एवं भ्रामक है। वे इस प्रकार के बयान देकर एक ओर तालियां बटोरना चाहते हैं तो दूसरी ओर ह्यफूट डालो और राज करोह्न की नीति अपना रहे हैं। यद्यपि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केजरीवाल को कड़े शब्दों में उत्तर दे दिया है। उन्होंने बांदा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- ह्नकेजरीवाल की बुद्धि जेल जाने के बाद फिर गई है। अन्ना हजारे के सपनों पर पानी फेरने वाले केजरीवाल अब मेरा नाम लेकर बातें कर रहे हैं। अन्ना ने जिस कांग्रेस के खिलाफ आंदोलन किया था, केजरीवाल ने उसे ही अपने गले का हार बना लिया है। जेल जाकर उन्हें पता चल गया है कि अब वह कभी जेल के बाहर नहीं आने वाले हैं ह्न इस बयानबाजी के मध्य प्रधानमंत्री मोदी ने संकेतों के माध्यम से स्पष्ट कर दिया है कि योगी आदित्यनाथ अपना कार्यकाल पूर्ण करेंगे। उन्होंने कहा - "आने वाले पांच सालों में मोदी-योगी पूर्वांचल की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलने वाले हैं।" सियासी गलियारे में इस बयान को अरविंद केजरीवाल के बयान से जोड़कर देखा जा रहा है। इस प्रकार मोदी ने केजरीवाल के बयान को भ्रामक एवं असत्य सिद्ध कर दिया है।


इससे पूर्व गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया था कि प्रधानमंत्री मोदी अपना कार्यकाल पूर्ण करेंगे तथा वर्ष 2029 के पश्चात भी वे भाजपा का नेतृत्व करते रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 75 वर्ष की आयु के पश्चात भी अपने पद पर बने रहेंगे। इस प्रकार अमित शाह ने यह बात स्पष्ट कर दी है कि उनका प्रधानमंत्री बनने का अभी कोई विचार नहीं है। इसके अतिरिक्त पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी स्पष्ट कर चुके हैं कि 75 वर्ष के पश्चात सेवानिवृति वाली बात पार्टी के संविधान में नहीं है। इस प्रकार की बातें केवल दुष्प्रचार के लिए बोली जा रही हैं। इसमें दो मत नहीं कि भाजपा का संगठन अत्यंत सुदृढ़ है। इसलिए अरविंद केजरीवाल की भ्रामक बयानबाजी से पार्टी को कोई हानि नहीं होगी। वास्तव में प्रधानमंत्री भली-भांति जानते हैं कि योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में सराहनीय विकास कार्य किए हैं। उनके मुख्यमंत्री काल में प्रदेश ने दिन दोगुनी रात चौगुनी उन्नति की है। प्रदेश की जनता भी उनके विकास एवं जनहित के कार्यो से अति प्रसन्न एवं संतुष्ट है, तभी उसने उन्हें दूसरी बार मुख्यमंत्री चुना। सर्विदित है कि उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जाता है, क्योंकि यही चुनाव आगे के लोकसभा चुनाव की दिशा निर्धारित करता है। इसीलिए उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव योगी आदित्यनाथ के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बना रहता है। अपने उत्कृष्ट कार्यो एवं सुशासन के कारण उन्होंने दो बार भारतीय जनता पार्टी को विजयश्री दिलाई है। भारतीय जनता पार्टी ने भी योगी आदित्यनाथ के कार्यो को सराहा तथा उन्हें प्रदेश की बागडोर सौंप दी। लोकसभा चुनाव 2024 पाचवें चरण तक आते आते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 49 दिनों में कुल 111 जनसभाएं सहित 144 जनसभाएं किए है । इसके अलावा योगी अबतक आठ राज्यों में भी चुनाव प्रचार कर चूकें है । मुख्यमंत्री ने 27 मार्च को मथुरा में प्रबुद्ध सम्मेलन कर प्रदेश की चुनावी कमान संभाल ली थी। 27 मार्च से 19 मई तक कुल 50 दिनों में मुख्यमंत्री लगातार चुनाव प्रचार में लगे हुये है। अब तक उन्होने 15 प्रबुद्ध सम्मेलन और 12 रोड सो किया है। योगी की जनसभाओं में अपार भीड़ उनको सुनने के लिए प्रचण्ड गर्मी में भी जुट रही है ।

इसमें दो मत नहीं है कि योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्रित्व काल में प्रदेश ने लगभग सभी क्षेत्रों में प्रशंसनीय उन्नति की है। प्रदेश में कृषि, उद्योग, रोजगार, आवास, परिवहन, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा, सुरक्षा व्यवस्था, संस्कृति, धर्म एवं पर्यावरण आदि क्षेत्रों में सराहनीय कार्य किए गए हैं। मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान दी जा रही है। वृद्धजन, विधवा एवं दिव्यांगजन को पेंशन के रूप में आर्थिक सहायता दी जा रही है। सरकार ने अनाथ बच्चों के भरण-पोषण की भी व्यवस्था की है। जिन परिवारों में कमाने वाला कोई नहीं है उन्हें भी आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। निर्धन परिवार की लड़कियों एवं दिव्यांगजन के विवाह लिए अनुदान दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त योगी सरकार निराश्रित गौवंश के संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दे रही है। उल्लेखनीय है कि योगी आदित्यनाथ पार्टी के चाल, चरित्र एवं चेहरे के अनुसार प्रदेश में हिंदुत्व की छवि को और सुदृढ़ करने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उनके कार्य इस बात को सिद्ध करते हैं। चाहे प्राचीन नगरों के नाम परिवर्तित करना हो या काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण करना हो। उनके सभी कार्य इसका साक्षात प्रमाण हैं। उनकी देखरेख में अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर राम मंदिर के निर्माण का कार्य चल रहा है। योगी सरकार राज्य के धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों के विकास एवं सौन्दर्यीकरण पर विशेष ध्यान दे रही है। योगी सरकार ने बौद्ध सर्किट में श्रावस्ती, कपिलवस्तु, कुशीनगर तथा रामायण सर्किट में चित्रकूट एवं श्रृंगवेरपुर में पर्यटन सुविधाओं का विकास करवाया है। इसी प्रकार बृज तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद, नैमि षारण्य तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद, विन्ध्य तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद, शुक्र धाम तीर्थ विकास परिषद, चित्रकूट तीर्थ विकास परिषद एवं देवीपाटन तीर्थ विकास परिषद का गठन किया गया, ताकि यहां के विकास कार्य सुचारू रूप से हो सकें। सरकार तीर्थ यात्रियों एवं पर्यटकों को अनेक सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। योगी सरकार तीर्थ यात्रियों को कई सुविधाएं प्रदान कर रही है। इसके अंतर्गत कैलाश मानसरोवर के तीर्थ यात्रियों की अनुदान राशि 50 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये प्रति यात्री की गई है। इसी प्रकार सिंधु दर्शन के लिए अनुदान राशि 20 हजार रुपये की गई। योगी सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यथासंभव प्रयास कर रही है। इसके अंतर्गत गोरखपुर के रामगढ़ ताल में वाटर स्पोर्ट्स, पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं चंदौली में देवदारी राजदारी वाटरफॉल का विकास किया गया। स्पिरिचुअल सर्किट के अंतर्गत गोरखपुर, देवीपाटन, डुमरियागंज में पर्यटन सुविधाओं का विकास किया गया। जेवर, दादरी, नोएडा, खुर्जा एवं बांदा में भी पर्यटन सुविधाओं का विकास किया गया। आगरा में शाहजहां पार्क एवं महताब बाग- कछपुरा का कार्य एवं वृन्दावन में बांके बिहारी जी मंदिर क्षेत्र में पर्यटन का विकास किया गया। दुधवा टाइगर रिजर्व एवं पीलीभीत टाइगर रिजर्व स्थलों का विकास किया गया है। सरकार ने महाभारत सर्किट के अंतर्गत महाभारत से संबंधित स्थलों का विकास करवाया है। शक्तिपीठ सर्किट एवं आध्यात्मिक सर्किट से संबंधित स्थलों का भी विकास करवाया गया है। विपक्षी सरकार पर भेदभाव के आरोप लगाते रहते हैं, परन्तु सत्य यही है कि भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य करवा रही है। जैन एवं सूफी सर्किट के अंतर्गत आगरा एवं फतेहपुर सीकरी में पर्यटन सुविधाओं का विकास करवाया जाना इस बात का प्रमाण है। योगी सरकार द्वारा अयोध्या में दीपोत्सव, मथुरा में कृष्णोत्सव, बरसाना में रंगोत्सव, वाराणसी में शिवरात्रि एवं देव दीपावली का आयोजन किया जा रहा है। देश ही नहीं, अपितु विदेशों में भी इसकी चर्चा हो रही है। इसके साथ-साथ सरकार कला एवं साहित्य को भी प्रोत्साहित कर रही है। राज्य में साहित्यकारों एवं कलाकारों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया। योगी आदित्यनाथ के शासन में प्रदेश ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पृथक पहचान बनाई है। लगभग सभी क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी रहा है। आज देश में उत्तर प्रदेश मॉडल की चर्चा की जा रही है। ये सब योगी आदित्यनाथ के प्रयास से ही संभव हो सका है।

# लू के थपेड़ों से जिंदगी की जंग हार जाते हैं डेढ़ लाख से अधिक लोग



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



बात भले ही अजीब लगे पर यह सच्चाई है कि लू के थपेड़ों से डेढ़ लाख से अधिक लोग जिंदगी की जंग हार जाते हैं। वैसे तो दुनिया के सभी देश इससे प्रभावित हैं पर भारत, रूस और चीन इससे सर्वाधिक प्रभावित हैं। प्रकृति के अत्यधिक और अंधाधुंध दोहन का परिणाम सामने आने लगे हैं। ऐसा नहीं है कि धरती के बढ़ते तापमान से दुनिया के देश चिंतित ना हो या इससे बेखबर हो पर इसे संतुलित करने के प्रयासों में जो लक्ष्य हासिल किया जाना था वह अभी दूर की कौड़ी सिद्ध हो रहा है। हालात बेहद चिंतनीय और गंभीर है। भारत के साथ-साथ दुनिया के देश अब जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से दो चार होने लगे हैं। बेमौसम बरसात, तेज गर्मी, तेज सर्दी, आए दिन तूफानों का सिलसिला, भू-स्खलन, सुनामी, ग्लेशियरों से बर्फ का तेजी से पिघलना, भूकंपन, जंगलों में आए दिन दावानल और ना जाने क्या-क्या दुष्परिणाम सामने आते जा रहे हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि मौसम के समय व अवधि में भी तेजी से बदलाव होता जा रहा है। कब बरसात आ जाए तो कब तेज गर्मी और कब सर्दी के तेवर तेज या कम हो जाते हैं यह पता ही नहीं चल रहा है। सबसे चिंतनीय बात यह है कि हीटवेव की चपेट में आने से लोगों की मौतों में तेजी से इजाफा होने लगा है। देखा जाए तो यह हीटवेव मौत का कारण बनने लगी है। हीटवेव और उसकी अवधि अब संकट का नया कारण बनती जा रही है। आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में सामने आया है कि भारत के साथ ही चीन और रुस में हीटवेव के कारण सर्वाधिक मौत हो रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के देशों में केवल लू के थपेड़ों की लपेट में आने से एक लाख 54 हजार से अधिक व्यक्ति अपनी जान गंवा देते हैं। प्रति दस लाख में से 236 व्यक्तियों की मौत हीटवेव के कारण हो रही है। रिपोर्ट की मानें तो इनमें से हर पांचवां जान गंवाने वाला व्यक्ति भारतीय है। यह अपने आप में चिंतनीय और गंभीर है। यह अध्ययन भी 43 देशों के 750 स्थानों के तापमान के अध्ययन के आधार पर है। अध्ययन कताओं के अनुसार पिछले 30 सालों में हीटवेव के कारण मौत के आंकड़ें में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। भारतीय मौसम विभाग की मानें तो पूर्वी भारत में 1901 के बाद सर्वाधिक गर्मी इस साल अप्रैल में रिकार्ड की गई है। प. बंगाल में 2015 के बाद अप्रैल में सर्वाधिक लू के थपेड़ों को झेलना पड़ा है। इस तरह के कमोबेस हालात दुनिया के अधिकांश देशों में देखे जा सकते हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि समुद्र का जल स्तर बढ़ता जा रहा है और उसके परिणाम स्वरुप समुद्र के किनारे बसे शहरों का अस्तित्व तक संकट में आने लगा है। दरअसल यह सारी समस्या मानव जनित समस्या है। अधांधुंध शहरीकरण, पेड़-पौधों के जंगलों के जगह लोह कंक्रिट के खड़े होते जंगल, जन संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी और कार्बन उत्सर्जन में लगाम लगाने में विफलता के परिणाम सामने आते जा रहे हैं। जैविक विविधता प्रभावित होती जा रही है। आधुनिकीकरण के नाम पर नित नए प्रयोग होने लगे हैं। जलवायु को प्रभावित करने वाले उत्पादों का उपयोग बेतहासा बढ़ा है। दुर्भाग्यजनक हालात यह है कि जिस उत्पाद को हम आज उपादेय बता रहे हैं एक समय बाद वहीं उत्पाद से होने वाले नुकसान गिनाने लगते हैं। दूसरी और वातावरण की नमी को समाप्त कर तापमान बढ़ाने में इन उत्पादों की खास भूमिका हो रही है। इन सबके साथ ही इंसानी गतिविधियों में बदलाव होने के साथ ही दखल बड़ा है। एक समय था जब बड़े जोर शोर के साथ पोलिथीन को उतारा गया और आज दुनिया के देश पालिथीन से मुक्ति चाहने लगे है। इसका कारण भी साफ है लोगों को पोलिथीन से होने वाले नुकसान का पता चलने लगा है। आज एसी, फ्रीज, ओवन आदि की घर घर उपलब्धता आसान हो गई है। अब ऐसी, फ्रीज या इस तरह के अन्य उत्पाद किस तरह से वातावरण को गर्म कर रहे हैं यह किसी से छुपा नहीं है। एक समय थर्मल पॉवर के प्लांट आवश्यकता थी पर आज कोयले के धुएं के कारण किस तरह से वातावरण दूषित हो रहा है यह समझने लगे हैं। घर में जलने वाले बल्व की बात करें तो सामान्य बल्व से सीएफएल और उसके बाद एलईडी और सोलर का युग आ गया। कई बार तो ऐसा लगता है जैसे मार्केट फोर्सेज भी बहुत कुछ प्रभावित करती है। आज आरओ का सेचुरेशन आ गया तो इसका उपयोग हानिकारक बताया जाने लगा है। उसी तरह से जापान में ओवन को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताया जाने लगा है। ईंधन के जितने भी साधन हैं वे सभी वातावरण को दूषित करने में आगे हैं। इसी तरह से सुविधाजनक इलक्ट्रोनिक उत्पाद वातावरण को बिगाड़ने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे।

देखा जाए तो प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने का नजीजा सामने आने लगा है। वातावरण दूषित होने के साथ ही कभी सावन बिन बरसात रह जाता है तो कभी अप्रैल-मई में भी बरसात के कारण सर्दी से दो-चार होना पड़ जाता है। समय आ गया है जब इस समस्या के निराकरण के लिए विशेषज्ञों को खासतौर से ध्यान देना होगा नहीं तो हालात दिन प्रतिदिन बद से बदतर होते जाएंगे। इसे भले ही चेतावनी समझा जाएं या कुछ और पर सबकुछ शीशे की तरह साफ है। अब समय आ गया है कि धरती के बढ़ते तापमान के स्तर को कम करने के उपायों पर गंभीरता से प्रयास किये जाएं।

# भारत में बढ़ते जनसंख्या दबाव के बीच रोजगार देने में सफल मोदी सरकार



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

केंद्र में देश की जनता किसे चुनने जा रही है यह कुछ दिनों में साफ हो जाएगा, किंतु जिस तरह से कांग्रेस समेत समूचे विपक्ष ने भाजपा की केंद्र सरकार और पीएम मोदी को आर्थिक क्षेत्र को आधार बनाकर घेरना जारी रखा है उसने आज पिछली मनमोहन सरकार और मोदी सरकार के कार्यकाल के तुलनात्मक अध्ययन के लिए प्ररित जरूर किया है। कांग्रेस का आरोप है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश में बेरोजगारी की दर बढ़ी है और जनता परेशान है। किंतु हकीकत में यह लगता नहीं है, क्योंकि सरकारी स्तर पर या निजी संस्थाओं के इस संबंध में अब तक किए गए सभी सर्वे एवं अध्ययन मोदी सरकार के पक्ष में जाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

वस्तुतः देश की जनता ने अटल सरकार के बाद दस साल कांग्रेस को भी दिए थे, लेकिन आंकड़े यही बता रहे हैं कि एनडीए की सत्ता में जिस गति से अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार कार्य कर रही थी, वह गति कांग्रेस की मनमोहन सरकार आते ही धीमी पड़ गई थी। इस स्थिति में भारत की आम जनता ने फिर से भाजपा की ओर आशा भरी नजरों से देखा। उसके बाद की स्थिति पूरी दुनिया के सामने मौजूद है। भारत कहां था और अब कहां से कहां पहुंच गया है! यह विश्व देख रहा है, कहना होगा कि दुनिया की सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश भारत विकास के सभी आंकड़े तोड़ रहा है।

मोदी सरकार और पिछली मनमोहन सरकार के बीच भारत की जनसंख्या और उसके दबाव के बीच संतुलन को यदि देखें तो जब मनमोहन सरकार 2004 में सत्ता में आई तब देश की जनसंख्या 1.136 बिलियन थी जो दस वर्ष के कार्यकाल में बढ़कर 2014 की स्थिति में 1.307 बिलियन पर जा पहुंची थी। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने, तब यही जनसंख्या का ग्राफ बढ़कर 2015 में 1,322,866,505 हो गया और 2024 आते-आते यह जनसंख्या का आंकड़ा 1,441,719,852 को पार कर गया।

पिछले दस सालों में 12 करोड़ अनुमानित जनसंख्या बढ़ी है। यह नवीनतम आंकड़ा भारत की जनसंख्या (लाइव) वल्डोमीटर के अनुसार है। यानी कि देश में एक ओर जनसंख्या का दबाव बढ़ रहा था तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनका मंत्रीमण्डल अपने प्रयासों से आर्थिक क्षेत्र में नवाचार करते हुए रोजगार बढ़ाने के कार्य में जुटे हुए थे । देखा जाए तो मनमोहन सिंह के कांग्रेस कार्यकाल की 4.7 प्रतिशत', भारत की आर्थिक विकास



दर निराश करती है। 2012-13 में औद्योगिक विकास दर घटकर 20 साल के निचले स्तर एक प्रतिशत पर आ गई थी। बैंकों के नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स 2013 में 50 प्रतिशत बढ़ गए थे, जिसकी रिपोर्ट भी मौजूद है। रुपया विश्व की सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्राओं में से एक हो गया था। लेकिन आज ऐसा बिल्कुल नहीं है। वर्तमान में भारत की अर्थव्यवस्था 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ अपेक्षा से अच्छा प्रदर्शन कर रही है। सीएजीआर मुद्रास्फीति पर 2004-14 के बीच यह 8.7 प्रतिशत थी, जो अब 2014-24 के बीते दस सालों के बीच 4.8 प्रतिशत हो गई है।

इसी तरह से भारत का विनिर्माण पीएमआई 2008 के बाद से उच्चतम स्कोर पर मार्च में 59.1, वित्त वर्ष 24 के अंत तक बैंक एनपीए दशक के सबसे निचले स्तर 3.8 प्रतिशत पर पहुंच जाने की उम्मीद जताई जा रही है। अन्य विदेशी मुद्राओं के मुकाबले रुपया सबसे बेहतर स्थिति में है। अभी भारत तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा, यही अनुमान दुनिया की हर एजेंसी का है। मोदी शासन के दौरान 51.40 करोड़ रोजगार पैदा हुए देश में मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल में 51.40 करोड़ रोजगार पैदा हुए हैं। घरेलू शोध संस्थान स्कॉच की एक रिपोर्ट जो हाल ही में ह्यमोदीनॉमिक्स का रोजगार सृजनात्मक प्रभावः प्रतिमान में बदलाव शीर्षक से सामने आई है। पूरी केस स्टडी पर आधारित है, जिसमें मुख्यतौर पर 80 अध्ययनों को शामिल किया गया है, जिसमें सरकारी योजनाओं के आंकड़े भी शामिल हैं। यहां ये सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर समावेशी विकास के उद्देश्य से काम कर रहा ये घरेलू शोध संस्थान स्कॉच ग्रुप 2014 से 2024 के बीच सालाना कम से कम 5.14 करोड़ पर्सन-ईयर्स रोजगार पैदा करने का डेटा प्रस्तुत करता है। वस्तुतः पर्सन-ईयर इस बात का पैमाना है कि किसी व्यक्ति ने पूरे साल कितने घंटे काम किया। यह रिपोर्ट बता रही है कि गत दस साल में 19.79 करोड़ रोजगार सरकारी योजनाओं के जरिए इनडायरेक्ट रोल की वजह से पैदा हुए हैं, जबकि 31.61 करोड़ रोजगार सरकार की लोन-आधारित योजनाओं के कारण संभव हो सके हैं। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में जो कहा है वह भी समझने योग्य है।

पीएम मोदी ने बताया है कि पिछले 10 साल में जो माइक्रो फाइनेंस हुआ है, इस माइक्रो फाइनेंस के कारण देश में बहुत रोजगार उपलब्ध हुआ है। वे कह रहे हैं कि केंद्र की 10-12 योजनाएं ऐसी हैं, जिसके आधार पर उन्होंने एनालिसिस किया है कि एक घर बनता है तो कितने पर्सन आवर्स को रोजगार मिलता होगा। इस आधार पर भारत में पांच करोड़ पर्सन आवर्स वार्षिक नौकरी जेनरेट हुई हैं। देश में चार करोड़ गरीबों के घर बने हैं। 11 करोड़ टॉयलेट बने हैं। दुनिया में सबसे तेज गति से 5जी रोलआउट हुआ, इसके लिए इन्फास्ट्रक्चर लगता है। पीएलएफएस के मुताबिक 6-7 साल में 6 करोड़ नए जॉब ऑन रिकॉर्ड दर्ज हुए हैं। ईपीएफओ में 10 साल में कवर होने वाले लोगों में 167 परसेंट बढ़ोतरी हुई है। मुद्रा लोन के तहत करीब 43 करोड़ लोन्स दिए गए, इसमें 70 परसेंट ऐसे हैं, जो पहली बार रोजगार कर रहे हैं। वे भी दूसरों को रोजगार दे रहे हैं। इस आधार पर कहना होगा कि किसी भी सरकार की मंशा ठीक हो तो वह अपने कार्यकाल में क्या कुछ कर सकती है और विकास के स्तर पर कितना बड़ा परिवर्तन ला सकती है, इसका सबसे अच्छा दुनिया में कोई उदाहरण वर्तमान में है तो वह भारत की मोदी सरकार का आज आपको दिखाई देता है। यदि आगे भी विकास की गति इसी प्रकार की बनी रही तो निश्चित मानिए, भारत की वैभव, सम्पन्नता के साथ आत्मिक सुख में दुनिया का कोई देश बराबरी नहीं कर पाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बोतल काटो, परिंडे बांटोर मूंक पक्षियों की सेवा का अभियान पहुंचा सैंपऊ



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण) 19 मई 2024** को धौलपुर की टीम सैपऊ पहुंची, हर घर शिक्षा द्वारा संचालित ₹बोतल काटो, परिंडे बांटो₹ अभियान गर्मी के मौसम को देखते हुए बेजुबान पंछियों के लिए पहुंचा सेपऊ जहां भूरापुरा गांव में टीम के कार्यकर्ता नीरज राजपूत व उनके सहयोगियों के द्वारा परिंडे लगाए गए। टीम के फाउंडर रोहित मीणा ने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए अधिक से अधिक परिंडे लगाने और उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी टीम ने ठानी है। अगर परितंत्र को बचाना है! तो हम सबको को पर्यावरण के लिए आगे आना होगा। नीरज राजपूत ने जानकारी देते हुए, बताया कि टीम द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी पूरे बाड़ी, धौलपुर, सैपऊ क्षेत्र में बेजुबान पंछियों के लिए परिंडा अभियान लगातार संचालित है! जिसमे लोगो को भी पक्षी संरक्षण के लिए जागरुक किया जा रहा है। वही बेनीराम ने बताया की आमजन को इस अभियान से जोड़कर कस्बे के अलग अलग वार्डो में यह अभियान पूरी गर्मी के मौसम में चलाया जाएगा । आज के इस कार्यक्रम में प्रदीप, नीरज, अनिल,कमल, सुरेश, महेश, करण व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### समाजसेवी रामू चौधरी द्वारा अपनी पत्नी की द्वितीय पुण्यतिथि पर की वानर देवों की आत्मीय सेवा



**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण)।** बाड़ीशहर से लगभग 23 किलोमीटर दूर प्राचीन सिद्ध मंदिर लटीला बाबा पर आज एकादशी तिथि को अपनी पत्नी की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर इच्छापूर्ति फाउंडेशन के फाउंडर रामकुमार चौधरी द्वारा की बंदरो की सेवा की हिंदू सनातन संस्कृति के अनुसार अपने पूर्वज की पुण्यतिथि पर घर में मिष्ठान बनाए जाते हैं! पूरी सब्जी बनाकर ब्राह्मण को भोजन करा उनको दक्षिणा दी जाती है! इसी तरह आज अपनी पत्नी के द्वितीय पुण्यतिथि पर प्रातः 5:00 बजे उठकर मंडी जाकर केला, आम खरीद एवं रोटिया लेकर सूर्य उदय से पहले लटीला बाबा पर जाकर बंदर बाबा को भोजन कराया भोजन कराने के बाद बंदरो को पानी पिलाया गया। आज की सेवा के समय हरिओम गर्ग टाइप वाले, प्रिंस मित्तल मोबाइल वाले, रमेश सिसोदिया, इच्छापूर्ति फाउंडेशन के फाउंडर रामू चौधरी उपस्थित थे।

### भीषण गर्मी एवं लू के कारण बीमार गाय का गौसेवक धर्मपाल यादव ने कराया आवश्यक ईलाज



**चमकता राजस्थान। शाहपुरा खलील कुरैशी।** गर्मी व लू के कारण इन दिनों गायों की हालात गंभीर हो रही है।दोपहर में तापमान 45 डिग्री तक पहुच गया है जिसके कारण तेज धूप में गाय बीमार हो रही है। खोरी नदी में बीमार गाय का सामाजिक कार्यकर्ता धर्मपाल यादव ने इलाज कराया।शाहपुरा पशु चिकित्सालय की ओर से सभी चिकित्सालय व उपकेंद्रों को दिन रात क्षेत्र में आई बीमार पशुओं के इलाज के लिए उपस्थित रहने के निर्देश दे रखे हैं। इसी क्रम में खोरी ग्राम पंचायत के नदी में एक गाय बीमार होकर तडप रही थी जिसका सामाजिक कार्यकर्ता धर्मपाल यादव ने ब्लॉक वैटनरी हैल्थ ऑफिस उपनिदेशक डॉ.सुनिल शर्मा को सूचना देकर मुख्यमंत्री पशु एम्बुलेंस बुलाकर डॉक्टर टीम से इलाज कराया।टीम डॉक्टरों ने बताया कि तेज धूप में पानी ना मिलने की वजह से गायों के जगह जगह बीमार होने की सूचना प्राप्त होती है जिनका प्राथमिकता से इलाज किया जा रहा है।

### प्लास्टिक के 137 कट्टों में मिला 21 क्विंटल एवं 79 किलो डोडा पोस्त सहित ट्रक जब्त, आरोपी गिरफ्तार

# एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र में कार्रवाई

## चावल की आड़ में तस्करी किया जा रहा 3.50 करोड़ रुपये कीमत का अवैध अफीम डोडा पोस्त किया जप्त

**चमकता राजस्थान**

जयपुर, (खलील कुरैशी) 19 मई। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र में स्थानीय पुलिस के सहयोग से बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए एक ट्रक से चावल के कट्टों की आड़ में तस्करी कर लाए गए 21 क्विंटल 78 किलो 800 ग्राम अफीम डोडा पोस्त की खेप पकड़ी है। मौके से पुलिस ने आरोपी ट्रक ड्राइवर अशोक बिश्नोई पुत्र दानुराम (31) निवासी ढाणी शिमला खारा थाना फलौदी को गिरफ्तार किया गया है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 3 करोड़ 50 लाख रुपए है अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि वांछित एवं इनामी बदमाशों की धरपकड़ तथा अवैध मादक पदार्थ, शराब एवं हथियार तस्करी की रोकथाम के लिए विभिन्न गिरोह से जुड़े सक्रिय बदमाशों के बारे में आसूचना संकलन के लिए पुलिस मुख्यालय से राज्य के सभी शहरों में टीम रवाना कर जानकारी हासिल की जा रही है।एडीजी एमएन ने बताया कि डीआईजी क्राइम योगेश यादव एवं एजीटीएफ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विद्या प्रकाश के सुपरविजन एवं पुलिस इंस्पेक्टर सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में गठित टीम के हैड कांस्टेबल महेश सोमरा की सूचना पर सीकर के लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात को यह कार्रवाई की गयी टीम को जानकारी मिली कि अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त से लोड दिल्ली नम्बर का एक ट्रक बीकानेर की ओर जा रहा है। सूचना पर तकनीकी आधार पर एजीटीएफ ने ट्रक का पीछा किया और सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ थाना पुलिस को आगे नाकाबंदी करने को कहा। लक्ष्मणगढ़ थानाधिकारी महेंद्र सिंह मय टीम द्वारा थाने के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर नाकाबंदी की गई। इसी दौरान लक्ष्मणगढ़ की ओर से आ रहे दिल्ली नंबर के ट्रक को उन्होंने रुकवा लिया सन्दिग्ध गाड़ी की तलाशी ली गई तो उसमें रखे चावल के 84 कट्टों के नीचे छुपा कर रखे गये 137 प्लास्टिक के कट्टों से कुल 21 क्विंटल 78 किलो 800 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ड्राइवर अशोक बिश्नोई ने पुलिस को बताया कि ट्रक मालिक हरिराम जाट निवासी रातड़ी ओसिया एवं सुभाष विश्नोई निवासी सिरमंडी ओसियां, ट्रक में मादक पदार्थ लोड कर लाए थे जिन्होंने उसे चौमू के पास ट्रक चलाने के लिए संभाल बीकानेर पहुंचने को कहा था। दोनों व्यक्ति ट्रक के आगे टाटा नेक्शन कार लेकर चल रहे थे। बीकानेर में मिलने के बाद ट्रक मालिक हरिराम व सुभाष, यह माल जहां पहुंचाना था उसके बारे में बताते एडीजी एमएन ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ से भरे ट्रक को थाना पुलिस की टीम ने जब्त कर लिया है। साथ ही आरोपी हरिराम बिश्नोई में सुभाष बिश्नोई की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है। मामले की अग्रिम जांच थाना बलारा जिला सीकर पुलिस द्वारा की जा रही है।

एडीजी ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विद्या प्रकाश के सुपरविजन एवं इंस्पेक्टर सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल महेश सोमरा, रविंद्र सिंह महावीर सिंह, कमल सिंह, राकेश जाखड़ कांस्टेबल, कांस्टेबल नरेश व चालक सुरेश की विशेष भूमिका एवं एसएचओ गांधीनगर अजमेर अशोक विशु व एजीटीएफ के हैड कांस्टेबल शंकर दयाल व कांस्टेबल सोहन देव की तकनीकी भूमिका रही।कार्रवाई में एसएचओ लक्ष्मणगढ़ महेंद्र सिंह मय जाब्ता एवं डीएसटी सीकर के कांस्टेबल हरीश कुमार, अशोक कुमार, विजयपाल, रमेश कुमार, अंकुश एवं सुरेंद्र का सहयोग रहा।




### एसीबी ने दिया न्यायसंगत कार्रवाई को अंजाम

# भरतपुर में परिवहन विभाग के उड़नदस्ते की आकस्मिक चैंकिग कर 75 हजार रुपये की संदिग्ध राशि बरामद

- **मौके पर मिले कार्मिकों से पूछताछ एवं कार्यवाही जारी**

**चमकता राजस्थान**

जयपुर !(खलील कुरैशी) 19 रविवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की भरतपुर इकाई द्वारा आज जयपुर-भरतपुर हाईवे पर लुधावई टोल प्लाजा पर कार्यवाही करते हुये परिवहन विभाग के उड़नदस्ते पर आकस्मिक चैकिंग कर कार्मिकों के कब्जे से 75 हजार रुपये से अधिक की संदिग्ध राशि बरामद की है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए. सी.बी. की भरतपुर इकाई को एक गोपनीय शिकायत मिली थी कि परिवहन विभाग के उड़नदस्ते द्वारा जयपुर-भरतपुर हाईवे पर लुधावई टोल प्लाजा एवं अन्य स्थानों पर आने-जाने वाले ट्रकों से अवैध वसूली की जाती है।जिस पर एसीबी भरतपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के सुपरवीजन में एसीबी की भरतपुर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित सिंह के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज मय टीम के आकस्मिक चैकिंग की कार्यवाही करते हुए परिवहन विभाग के उड़नदस्ते की गाड़ी से 75 हजार रूपये से अधिक की अवैध राशि बरामद की है। मौके पर उपस्थित मिले संदिग्ध मनोज कुमार सिंघल परिवहन निरीक्षक, परिवहन कार्यालय भरतपुर, ओम प्रकाश, कुंवरसिंह, दाउदयाल, यदुवीर सिंह, कुमरपाल-सभी संविदा सुरक्षाकर्मी एवं राकेश कुमार (प्राईवेट व्यक्ति) से संदिग्ध राशि के बारे में पूछताछ की जा रही है।एसीबी भरतपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कालूराम रावत के निर्देशन में मौके पर संदिग्ध कामिकों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टोल-फ्री हैल्पलाईन नं. 1064 एवं हँ३रंस्त्रस्त्र हैल्पलाईन नं. 94135-02834 पर 24७7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।



### श्री राम महायज्ञ में यजमानों द्वारा दी जा रही है आहुतियां

- **चार धाम आश्रम में रघुनाथ जी महाराज के सानिध्य में चल रहा है श्री राम महायक**



**चमकता राजस्थान। उदयपुरवाटी '( सुमेर सिंह राव)।** शाकंभरी रोड पर गायत्री गौशाला के पास स्थित चार धाम आश्रम में चल रहे श्री राम महायज्ञ में रोज यजमानों द्वारा दी जा रही है आहुतियां '' श्री राम महायज्ञ में सातवे दिवस 71 हजारआहुति दी गई उदयपुरवाटी निकट चार धाम आश्रम में रघुनाजी महाराज की सानिध्य में चल रहे श्री राम महायज्ञ सात दिवस तक पुरुष सूक्त एवं मंत्र राज द्वारा 71 हजारआहुति प्रधान की गई यज्ञ आचार्यपंडित केदारनाथ शर्मा एवं एक यज्ञ ब्रह्मा अरुण शास्त्री के द्वारा प्रतिदिन विधि व्रत देवाचार्य एवं मंडप पूजा के बाद हवन करवाया जा रहा है यज्ञ में अनेक संत महात्माओं एवं श्रद्धालुओं का आवा गमन जारी है जारी है शाम को संध्या आरती के बाद भंडारा का आयोजन किया जा रहा है महायज्ञ के पूर्णाहुति मंगलवार 21 मईको होगी उल्लेखनीय है यह का आयोजन प्रथम पाटोत्सवकिया जा रहा है महंत रघुनाथ जी महाराज पूर्व में भी विश्व कल्याण के लिए धर्म संरक्षण अर्थ के लिए अनेक बार यह का आयोजन करवा चुके हैं इस अवसर पर इस अवसर पर गीगाराम कटारिया कालूराम सैनी काशीराम तंवर दुदाराम कटारिया कालूराम सैनी पार्षद बसीसर सैनी रतनलाल टॉक पार्षद कुलदीप कटारिया श्याम छिपा केदार सैनी कोमल देवी बनारसी देवी सरवानी देवी मुकेश भैया और अनेक भक्तगण मौजूद थे

# जयपुर विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माणों के खिलाफ की पुख्ता सीलिंग की कार्रवाइयां

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर (खलील कुरैशी)** प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा आज दिनांकः 19.05.2024 को जोन 12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित झौटवाडा क्षेत्र के नागल जैसा बोहरा में किड्स औरिजिन स्कूल कैम्पस, इन्दौरा नगर में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के कृषि भूमि पर क्षेत्रफल करीब 56×86 फीट में व्यावसायिक रूप से अवैध गार्मेन्ट फैक्ट्री का संचालन किये जाने पर धारा 32, 33 जेडीए के एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध फैक्ट्री का निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकों द्वारा अवैध अवैध फैक्ट्री नही हटाये जाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा-34 (क) का नोटिस जारी कर आज दिनांक 19.05.2024 को उक्त अवैध फैक्ट्री के प्रवेश द्वारा इत्यादि को इंजीनियरिंग की शाखा की मदद से ईटों की दीवारों से चुनवाकर गेटो पर ताले सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जविप्रा द्वारा सीलिंग में हुये व्यय खर्च की नियमानुसार संबंधित से वसूली की जायेगी।

मुरलीपुरा क्षेत्र सीकर रोड पर नीलगिरी कॉलोनी पिंक सिटी सिनैमा के पीछे भूखण्ड संख्या बी-34 आवससीय भूखण्ड में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के कृषि भूमि पर व्यावसायिक रूप से बनी अवैध गत्ता फैक्ट्री की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही।

2. जोन 12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित मुरलीपुरा क्षेत्र नीलगिरी कॉलोनी पिंक सिटी सिनेमा के पीछे कूकर खेडा अनाज मंडी सीकर रौड पर भूखण्ड संख्या बी-34 आवससीय भूखण्ड में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के कृषि भूमि पर क्षेत्रफल करीब 60 ×100 फीट में व्यावसायिक प्रयोजनार्थ गत्ता फैक्ट्री का अवैध निर्माण किये जाने पर धारा 32. 33 जेडीए के एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण बन्द करवाया जाकर हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाये जाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृक्ति प्राप्त कर धारा-34 (क) का नोटिस जारी कर आज दिनांक 19.05.2024 को उक्त अवैध फैक्ट्री के प्रवेश द्वारो इत्यादि को इंजीनियरिंग की शाखाकी मदद से ईटों की दीवारो से चुनवाकर गेटो पर ताले सील चपड़ी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जविप्रा द्वारा सीलिंग में हुये व्यय खर्च की नियमानुसार संबंधित से वसूली की जायेगी।

उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-12. पी आर एन नोर्थ तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।



- **झोटवाडा क्षेत्र के नागल जैसा बोहरा में किड्स औरिजिन स्कूल कैम्पस, इन्दौरा नगर में विधिसम्मत गतिविधि को दिया अंजाम**



- **जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के कृषि भूमि पर व्यावसायिक रूप से संचालित अवैध गार्मेन्ट फैक्ट्री की नियमानुसार सीलिंग की कार्यवाही।**

## संक्षिप्त समाचार

### गोरिया के दीपक सैनी ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता सिल्वर मेडल

- **गोरिया के लाल तूने कर दिया कमाल**



**चमकता राजस्थान। उदयपुरवाटी '(सुमेर सिंह राव)।** निकटवर्ती गोरिया निवासी दीपकसैनीनेपालनौकायन( सेलिंग )में राराष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर मेडल जीतकर नाम रोशन किया है !मुंबई में१२ से १८ मई के बीच आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 21संभागियों ने भाग लिया जिसमें दीपक सैनी ने सिल्वर मेडल जीता ! दीपक सैनी वर्तमान में नेवी में पीटी ऑफिसर के पद पर कार्यरत है ' वर्ष 2015 में भर्ती हुए दीपक सैनी लगातार समुद्र के बीच जाकर वर्ष 2018 से पाल नौकायन की तैयारी कर रहे थे सैनी ने वर्ष 2023 में राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक प्राप्त किया तथा वर्ष 2023 में थाईलैंड में आयोजित एशियाई गेम्स सिलेक्शन ट्रायल में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके है ' इस खेल में शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत रहने की बड़ी भूमिका रहती है दीपक का उद्देश्य लक्ष्य एशियाई एवं ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर स्वर्ण पदक जीतने का है ' दीपक की इस उपलब्धि पर परिवार एवं ग्रामीण जनों में खुशी का माहौल है दीपक के माता-पिता किसान खेती का काम करते हैं एवं सामान्य परिवार से जुड़े हुए हैं वॉइस एडमिरल संजय सिंह ने दीपक सैनी को सिल्वर मेडल पहनाकर सम्मानित किया '

### श्री गो उपचार सेवा केंद्र व जल व्यवस्था टीम पचलंगी की अनूठी पहल

- **श्री गो उपचार सेवा केंद्र व जल व्यवस्था टीम द्वारा पशुओं के लिए की जा रही है पानी की व्यवस्था**
- **आज के युग में गौ सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है:- मदनलाल भावरिया**



**चमकता राजस्थान। उदयपुरवाटी '( सुमेर सिंह राव)।** उपखंड क्षेत्र के पचलंगी गांव में श्री गो उपचार सेवा केंद्र व जल व्यवस्था टीम द्वारा गर्मियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए पशुओं के लिए पचलंगी व पचलंगी के आस पास पानी की व्यवस्था की जा रही है ' टीम द्वारा की जा रही पानी की व्यवस्था की अनूठी पहल की चारों ओर भूरी भूरी प्रशंसा हो रही है ' राष्ट्रीय सामाजिक जन चेतना मंच के अध्यक्ष एवं गौ सेवक मदन लाल भावरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि गौ सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है ' गौ सेवक राकेश बड़सरा ने जानकारी देते हुए बताया कि गर्मियों के मौसम में पशु प्यासे न रहे इसके लिए टीम द्वारा आसपास की जितनी भी खेली व होद बनी हुई है उसमें पानी की व्यवस्था करवाई जा रही है ' राकेश बडसरा ने आगे बताया कि गर्मियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए हमारी यह मुहिम जारी रहेगी ' इस दौरान गौ सेवक राकेश बडसरा ,बजरंग गोयल दिल्ली सुरेश बोरख, धर्मेंद्र सैनी, प्रमोद शर्मा , नागर सैनी, हीरालाल सैनी ,विजय एचरा चला आदि मौजूद रहे '

### डिस्कॉम ने पांच स्थानों पर अवैध बिजली चोरी पकड़ी, डेढ़ लाख का जुर्माना भी लगाया

**चमकता राजस्थान धौलपुर( रामदास तरुण)।** जिला धौलपुर के बाड़ी उपखण्ड में कलेक्टर निधि बी टी और डिस्कॉम के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर शहर में चलाया अभियान शहर में भीषण गर्मी के बीच हो रही विद्युत चोरी को रोकने के लिए निगम कार्यवाही कर रहा है। टीम ने अवैध बिजली केबिलों को जब्त कर पांच बिजली चोरों की वीसीआर भरी और करीब डेढ़ लाख रुपए का जुर्माना लगाया। इस कार्यवाही से शहर में हड़कंप मचा हुआ है।

- **जयपुर विद्युत वितरण निगम के डिवीजन**

अधिशासी अभियंता मुन्नीलाल बिश्नोई ने बताया कि जिला कलेक्टर और डिस्कॉम के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर शहर में विद्युत चोरों के खिलाफ यह अभियान चलाया गया है। अभियान के प्रथम दिन शहर के रेलवे स्टेशन, धनोरा रोड, बाई का बाग, तुलसीवन रोड और रिंग रोड पर कार्यवाही की गई है। सबसे महत्वपूर्ण कार्यवाही कृषि और फल मंडी में की गई है। जहां दर्जनों दुकानों पर अवैध रूप से विद्युत चोरी की जा रही थी। किसी के यहां कोई मीटर नहीं था। पांच स्थानों पर विद्युत चोरी पाए जाने पर वीसीआर भरी गई हैं और डेढ़ लाख का जुर्माना भी किया गया है।

- **बाड़ी अवैध बिजली केबिलो से भरी डिस्कॉम की गाड़ी**

विद्युत चोरी के चलते गड़बड़ रही थी सप्लाई, लगातार बढ़ रहा लोडबाड़ी शहर में लगातार विद्युत चोरी के चलते सप्लाई गड़बड़ा रही थी और मीटर उपभोक्ताओं को प्रॉपर वोल्टेज नहीं मिल पा रहे। ऐसे में डिस्कॉम द्वारा प्रशासन के निर्देश पर एक्शन लिया! और कार्यवाही की गई हैं। इस कार्यवाही के दौरान एक्स.ई.एन मुनीराम विश्नोई के साथ कनिष्क अभियंता विजेंद्र सिंह, सहायक अभियंता सिटी अकरम खान, आयुष राज गुप्ता के साथ कोतवाली एसएचओ शिवलहरी मीना और पुलिस जाप्ते के साथ डिस्कॉम के कर्मचारी मौजूद रहे।

- **शहर में हड़कंप, लाइनों से केबिल उतारते लोग**

विद्युत चोरों के खिलाफ शुरू हुई डिस्कॉम की कार्रवाई से शहर में हड़कंप मचा हुआ है। लाइनों से केवल को उतारते हुए लोगों को देखा गया है! साथ में लोग चर्चा करते भी नजर आए की आखिर क्यों बिजली विभाग द्वारा किसी कार्यवाही को अंजाम नहीं दिया गया और अब अचानक से कार्यवाही की जा रही है।

# पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह का आरोप- पत्नी-बेटा पीटते हैं

## पत्नी ने कहा- श्मशान स्थल तक बेच दिए, हमें बदनाम कर रहे हैं

चमकता राजस्थान

**भरतपुर ।** भरतपुर राजपरिवार के सदस्य और पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वचंद्र सिंह ने अपने ही पत्न ी और बेटे पर आरोप लगाया है। उन्होंने अपने पत्नी बेटे से भरण-पोषण मांगा है। साथ ही पत्नी और बेटे पर मारपीट करने और भोजन न देने का आरोप लगाया है। वहीं बेटे अनिरुध्द सिंह ने पिता के लगाए हुए आरोपों को गलत बताया है।

राजस्थान में भरपुर राजपरिवार के सदस्य विश्वेंद्र सिंह ने अपने ही परिवार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मैं घर (मोती महल) छोड़ने पर मजबूर हो गया हूं। हमें लोगों से मिलने नहीं दिया जाता है। कभी सरकारी आवास में तो कभी होटलों में दिन गुजारना पड़ रहा है। हमें परिवार द्वारा एक कमरे में सीमित कर दिया गया है।



5 लाख रुपए प्रतिमाह दिलाए जाने की मांग उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि हमें भरतपुर में घर में घुसने नहीं दिया जाता है। इसके लिए विश्वेंद्र सिंह ने अपने ही पत्नी और बेटे से 5 लाख रुपए प्रतिमाह दिलाए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि अब घर में पत्नी बेटे के साथ रहना अब संभव नहीं है।

- **बेटे ने आरोपों को बताया बेबूनियाद और निराधार**

सूरजमल की मूर्ति लगाने से या लोगों के सेंटिमेंट से खेलने से कुछ नहीं होता। उनकी विरासत बेचना कहां तक उचित है। सूरजमल जी से लेक र कितनी प्रॉपर्टी थी और आज कितनी प्रॉपर्टी है, आप इसका पता लगा लीजिए। दिल्ली, आगरा, मथुरा और पुष्कर तक में प्रॉपर्टी थी। साल 1995 के बाद से लगातार प्रॉपर्टी बेची गई हैं। आरोप लगा रहे हैं कि लोगों से मिलने नहीं दिया जा रहा। तो उनका सोशलमीडिया अकाउंट चेक करें, वे लगातार लोगों से मिल रहे हैं।हम इनसे कुछ मांग नहीं रहे हैं। ये मैटर हमें परेशान करने का है। उन्होंने प्रार्थना पत्र में इजलास खास कोठी का जिक्र किया है। इजलास खास कोठी का पट्टा मां के नाम पर है। ये क्लियर है। कांग्रेस सरकार में यह पट्टा आया। इस पर कोई कोर्ट स्टे नहीं है।

- **मेरा परिवार ही मुझे मारना चाहता है: विश्वेंद्र**

विश्वेंद्र सिंह ने कोर्ट में दिए एप्लिकेशन में बताया कि पत्नी और बेटे हमें जान से मारने की साजिश रचते हैं। हमारी पूरी संपत्ति को हड़पने का प्लान है। हमें पत्नी-बेटे ने जबरन घर से बाहर कर दिया, इसलिए घर छोड़कर जाना पड़ा। उन्होंने लिखा कि मैं हार्ट पेशेंट हूं। टेंशन लेना मेरे जीवन के लिए घातक है। इसके बावजूद भी परिवार हमारा नहीं सुन रहा है। उन्होंने लिखा कि पिता से मिली वसीयत में संपत्तियों पर मेरा अधिकार है। पत्नी और बेटे मेरे कागजात, रिकॉर्ड आदि फाड़ दिए और कमरों से सामान को बाहर फेंक दिया। मेरा चाय पानी सब बंद करा दिया है। इतना ही नहीं उन्होंने कोर्ट को बताया कि पत्नी-बेटे को सोशल मीडिया के जरिए मुझे बदनाम करने से भी रोका जाए।अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि हम लोगों को वे (विश्वेंद्र सिंह) बदनाम कर रहे हैं। हमें घर देखना है, काम धंधा देखना है, परिवार देखना है और सोशल लाइफ देखनी है। इनके (विश्वेंद्र) पास तो कोई काम है नहीं, किसी दिन मेरी मां प्रेस कान्फ्रेंस करेंगी तब बताएंगी कि इन्होंने (विश्वेंद्र सिंह) अपने पिता (सवाई बृजेंद्र सिंह) के साथा क्या सलूक किया था। उस दिन देखेंगे कि ये किस फोरम में जाएंगे।

## पहला सुख निरोगी काया

### वर्ल्ड एब्डोमिनल कैंसर डे - जयपुर ने 3 किमी.वॉक कर दिया स्वस्थ रहने का सकारात्मक संदेश

चमकता राजस्थान

जयपुर। खलील कुरैशी सुबह की पहली भौर की किरण के साथ-साथ जयपु वासियों ने दुनियाभर के लोगों को फिट रहने के संदेश दिया। मौका रहा वर्ल्ड एब्डोमिनल कैंसर डे पर इंटरनेशनल मल्टीसिटी अवेयरनेस वॉक का, जिसमें हजारों लोगों ने 3 किमी. की वॉक कर हेल्दी एवं फिट रहने की अपील की। रविवार को जलेबी चौक से शुरू हुए इस कार्यक्रम का आयोजन एब्डोमिनल कैंसर ट्रस्ट की ओर से कराया गया था। तड़के 6 बजे जलेबी चौक से रवाना हुई अवेयरनेस वॉक जंतर-मंतर, सिटी पैलेस, आतिश मार्केट, त्रिपोलिया बाजार, बड़ी चौपड़ और हवामहल होती हुए वापिस जलेबी चौक पर समाप्त हुई।



**चॉइस हेल्दी हो तो जीवन सुरक्षित -**

» इस मौके पर एब्डोमिनल कैंसर ट्रस्ट के फाउंडर और एब्डोमिनल कैंसर डे के संस्थापक डॉ. संदीप जैन ने कहा कि मरना कैसे है, यह अपने हाथ में है। अगर चॉइस हेल्दी हो तो जीवन को सुंदर एवं सुरक्षित बनाया जा सकता है। उन्होंने लोगों को अवेयर करते हुए बताया कि एब्डोमिनल कैंसर के मामलों में 100 मरीजों में से केवल 20 ही ठीक हो पाते हैं। वजह है कि उनमें से अधिकांश 3 से 18 महीनों तक परामर्श के लिए आते ही नहीं हैं।

### हरियाणा में गरजा राजस्थान कांग्रेस का स्टार प्रचारक एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली

- **गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं से किया भाजपा की तानाशाही सरकार को हटाने का आह्वान**
- **मोदी संविधान विरोधी, उनके वादे एवं बातें कोरी जुमलेबाजी**



**चमकता राजस्थान। जयपुर/ ( खलील कुरैशी )** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने हरियाणा लोक सभा चुनाव के सियासी मंच से भारतीय जनता पार्टी की सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि किसान, जवान और युवाओं का भविष्य चौपट करने वाली इस सरकार की अंतिम घड़ी अब आ गई है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने इस बार झूठ और जुमले वाली इस सरकार के ताबूत में अंतिम कील ठोकने की कवायद शुरू कर दी है जो कि देशभर में सात चरणों के चुनाव के बाद आगामी 4 जून को इंडिया गठबंधन के रूप में आप सभी के सामने होगी। जूली रविवार को हरियाणा के भिवानी महेंद्रगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी राव दानसिंह के समर्थन में नांगल चौधरी विधानसभा में तथा गुरुग्राम लोकसभा प्रत्याशी व अभिनेता राज बब्बर के समर्थन में बावल विधानसभा क्षेत्र के कसोला चौक पर विशाल जनसभा को सम्बोधित किया। जनसभा में उपस्थित जनसमूह ने कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे से जहां कांग्रेस नेताओं में जोश का संचार किया वहीं वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं में आगामी 25 मई को एकजुट होकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने के लिए जोश फूंका। जूली बोले तानाशाही और हिटलर शाही वाली एनडीए की सरकार को खत्म करने का हमारे पास यह अंतिम मौका है। उन्होंने कहा कि जो लोग संविधान बदलने की बात कर रहे हैं इस बार देश की जनता उन्हें बदलकर भारत के नव निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जिस भ्रष्टाचार पर पिछले 10 साल से केंद्र सरकार को बोल रही थी वही बात आज केंद्र की मोदी सरकार कर रही है पिछले 10 साल से क्या इनके पार्टी के नेता कुंभकर्णी नींद सोए हुए थे। उन्होंने कहा कि देश के अन्नदाताओं को केंद्र की मोदी सरकार ने खून के आंसू रुलाए है इस बार देश का किसान उनके चुनावी एजेंडे को नेस्तानाबूद करेगा।

### किर्गिस्तान में फंसे राजस्थान के स्टूडेंट पीड़ित बोले-शाम होते ही लोकल स्टूडेंट्स करने लगते हैं हमला,

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी) ।** किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में चल रहे उपद्रव में पाकिस्तान, बांग्लादेश के साथ ही राजस्थान के स्टूडेंट बड़े पैमाने पर फंसे हैं। दौसा, बांसवाड़ा सहित कई जिलों के रहने वाले छात्रों ने अपने परिवार वालों को वीडियो कॉल करके मदद मांगी है। वहां फंसे एक छात्र ने कहा- कॉलेज प्रबंधन ने वीडियो कॉल करने को मना

- **कॉलेज वालों ने वीडियो कॉल पर लगाई पाबंदी,**
- **परिस्थित अनियंत्रित मिलिट्री तैनात**

किया है। शाम होते ही लोकल स्टूडेंट्स हमला करने लगते हैं। महवा (दौसा) विधायक राजेंद्र मीणा से सत्येंद्र फागना ने वीडियो कॉल पर बात की। सत्येंद्र महवा का रहने वाले हैं। वह वहां मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं।



किर्गिस्तान में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे सत्येंद्र फागना ने बताया कि वीडियो कॉल पर बात करने से कॉलेज वालों ने मना किया है। अभी स्थिति ठीक है। बाहर मिलिट्री तैनात की गई है।

## ईलाज के दौरान पति की एक डैमेज आंख को निकाला गया,पत्नी के कंधे में लगी रॉड

# जयपुर निवासी कपल कश्मीर में आतंकियों के प्राणघातक हमलें का हुआ शिकार, गोली लगने से गंभीर रूप से घायल

## सीएम भजनलाल शर्मा ने हर सभंव मदद देने का लिया ऐलान

चमकता राजस्थान

जयपुर।(खलील कुरैशी) शुक्रवार देर रात जम्मू कश्मीर से आतंकी हमले की खबर सामने आई। लोकसभा चुनाव से पांचवें चरण के मतदान से पहले आतंकियों ने जम्मू कश्मीर में दो जगहों पर गोलीबारी की वारदात को अंजाम दिया। जिसमें पूर्व सरपंच और बीजेपी नेता की हत्या कर दी। साथ ही राजस्थान की राजधानी जयपुर से जम्मू कश्मीर घूमने गए एक कपल को भी गोली मार दी। यह कपल अभी अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है। गोली लगने से दोनों बुरी तरह से घायल हुए हैं। जैसे ही आतंकी हमले में जयपुर के कपल





के घायल होने की सूचना मिली उनके परिजनों की नींद उड़ गई। परिजन उनकी सलामती की दुआ मांग रहे हैं। मामले की जानकारी मिलते ही राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ित परिवार को हरसभंव मदद दी जाए। बताते चले कि जम्मू- कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों की गोलियों का शिक ार हुए जयपुर की कपल की पहचान प्रॉपर्टी डीलर तबरेज खान (38) और उनकी पत्नी फरहा खान (35) के रूप में हुई है। ये दोनों जयपुर के ब्रह्मपुरी इलाके के रहने वाले हैं।

- **तबरेज के पिता ने बताया- कैसे हुआ आंतकवादी हमला**

तबरेज के पिता असलम खान ने कहा, ₹उन्होंने दिन के समय पहलगाम घूमा और रात के खाने के लिए गए थे। टेंपो ट्रैवलर से उतरने के बाद वे एक रेस्तरां में जा रहे थे, तभी मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग आए और गोलीबारी शुरू कर दी। फरहा के कंधे पर गोली लगी। उनके दो बच्चे भी उनके साथ थे।₹ उन्होंने बताया कि तबरेज का ऑपरेशन सुबह करीब तीन बजे किया गया जबकि फरहा का भी ऑपरेशन किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ₹हम वहां जाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं। मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह हमें वहां जाने में मदद करे ताकि हम उनकी देखभाल कर सकें।

- **श्रीनगर के जीएमसी हॉस्पिटल में चल रहा इलाज, डैमेज एक आंख निकालनी पड़ी**

» तबरेज के पिता असलम खान ने आगे बताया श्रीनगर के जीएमसी हॉस्पिटल में दोनों का इलाज चल रहा है। तबरेज के सिर में आंख के पास गोली लगी है। तबरेज का सुबह करीब 3 बजे ऑपरेशन किया गया। उसकी एक आंख डैमेज होने के कारण निकाली गई है।

# मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से ली महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक

## बिजली-पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें : मुख्य सचिव

चमकता राजस्थान

जयपुर !(खलील कुरैशी) ।प्रदेश में भीषण गर्मी के चलते बिजली-पानी की आपूर्ति और मौसमी बीमारियों के मद्देनजर व्यवस्थाओं को लेकर मुख्य सचिव सुधांश पंत ने रविवार को वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से बैठक ली। इसमें जिलेवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।मुख्य सचिव पंत ने कहा कि संभागीय आयुक्त और जिला कलक्टर डिविजन और जिला स्तर पर सरकार का चेहरा हैं, ऐसे में अधिकारियों को अधिक सजगता और जवाबदेही के साथ काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने जिले वार पेयजल आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की। जिलेवार पेयजल संकट वाले क्षेत्रों तथा वहां जलापूर्ति को लेकर किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी ली। जलापूर्ति के



समय निरीक्षण किए जाने के दिशा-निर्देशों की पालना, निरीक्षण में सामने आए तथ्य और समस्याओं और उनके निस्तारण की जानकारी ली। इसी प्रकार कंटीजेन्सी प्लान के तहत स्वीकृत कार्यों की प्रगति के बारे में भी फीडबैक लिया। लंबित कामों पर संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब करते हुए कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने बिजली आपूर्ति व्यवस्था, ओवरलोड और ट्रिपिंग की समस्या से निपटने की कार्ययोजना आदि पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं भीषण गर्मी के चलते लू-तापाघात, मलेरिया-डेगूं जैसी मौसमी बीमारियों की स्थिति के बारे में जिलेवार जानकारी लेते हुए अग्रिम तैयारियां, अस्पतालों में पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता आदि के बारे में दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने गुड गवर्नेस के तहत ई-फाइलिंग निस्तारण के समय में कमी लाने, संभागीय आयुक्त कलक्टर्स सहित अन्य अधिकारियों की ओर से किए जाने वाले निरीक्षण, परिवेदनाओं के समय पर गुणवत्तायुक्त निस्तारण आदि की भी समीक्षा की। उदयपुर संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट ने संभाग के सभी जिलों की स्थिति से अवगत कराते हुए बिजली-पेयजल की निर्बाध आपूर्ति के लिए किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। जिला कलक्टर अरविन्द

पोसवाल ने उदयपुर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति की स्थिति, आकस्मिक निरीक्षण, बिजली व्यवस्था आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी।वीसी में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ सहित अजमेर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता भवानीशंकर शर्मा, पीएचईडी अधीक्षण अभियंता मोहनलाल मीणा, मुख्य आयोजना अधिकारी पुनीत शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# कारागार प्रशिक्षण संस्थान में सुरक्षाकर्मियों के दो सप्ताह रिफ्रेशर कोर्स का विधिवत समापन

## अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेंद्र डाबी रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि



चमकता राजस्थान

अजमेर। घूघरा घाटी स्थित कारागार प्रशिक्षण संस्थान जेटीआई में सुरक्षाकर्मियों के 2 सप्ताह के रिफ्रेशर कोर्स का समापन समारोह संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि महेंद्र कुमार डाबी अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने प्रशिक्षुओं को संबोधित किया और उन्हें उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई दी। डाबी ने अपने संबोधन में कहा कि यह रिप्रेशर कोर्स सुरक्षाकर्मियों के कौशल और ज्ञान को अद्यतन करने के लिए महत्वपूर्ण है, ताकि वे कारागार प्रशासन में सर्वोत्तम प्रथाओं को अपना सकें और सुरक्षा मानकों को उच्चतम स्तर पर बनाए रख सकें। उन्होंने प्रशिक्षुओं को इस बात के लिए प्रेरित किया कि वे अपने कार्यस्थल पर इन सीखे गए कौशलों को लागू करें और सुरक्षा व्यवस्था को और भी मजबूत बनाएं।

जेटीआई के प्राचार्य पारस जांगिड ने बताया कि दो सप्ताह के इस कोर्स में राजस्थान की विभिन्न जेलों से 45 कार्मिकों ने भाग लिया। समारोह में प्रशिक्षुओं ने अपने अनुभव साझा किए और इस कोर्स के दौरान उन्हें प्राप्त ज्ञान और प्रशिक्षण के लिए धन्यवाद किया।कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि महेंद्र कुमार डाबी ने सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह रिफ्रेशर कोर्स सुरक्षाकर्मियों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा और उन्हें अपने कर्तव्यों को और भी बेहतर तरीके से निभाने में सहायता करेगा। डिप्टी जेलर पवन टाडा, रमेश कुमार तथा विनोद कुमार को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गयाकार्यक्रम का संचालन महिला प्रहरी रसाल देवी ने किया। डिप्टी जेलर हिना खान ने कोर्स का प्रतिवेदन पढ़ा। कार्यक्रम में सहायक प्रशिक्षक प्रहलाद गुर्जर, सुरेश चौधरी, सुभाष बिश्नोई, देवेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

## रोहिता गोदारा ने ही रची थी सलमान खान पर फायरिंग की साजिश

- पुलिस की जांच में हुआ चौंकाने वाला खुलासा, विदेश में बैठकर बनाई योजना



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी .)।** राजस्थान के गैंगस्टर रोहित गोदारा ने विदेश में बैठकर सलमान खान के घर मुंबई में 14 अप्रैल सुबह हुई फायरिंग की साजिश रची थी। गोदारा ने ही शूटर्स को रुपए और हथियार भी दिलाए थे। इस बात का खुलासा मुम्बई पुलिस की जांच में हुआ है। रोहित गोदारा का नाम मुंबई पुलिस ने इस केस के मुख्य साजिशकर्ताओं के तौर पर शामिल कर लिया है। रोहित गोदारा और लॉरेंस का भाई अनमोल बिश्नोई शूटर्स और इनके लिए हैंडलिंग करने वाले आरोपियों के साथ लगातार संपर्क में थे। उन्हें मोबाइल ऐप के जरिए लगातार कॉलिंग और चैटिंग के माध्यम से पूरा डायरेक्शन और मोटिवेशन रोहित गोदारा और अनमोल बिश्नोई ही दे रहे थे।

पुलिस ने बताया कि रोहित गोदाराने दोनों शूटर्स को फायरिंग करने से पहले कहा था कि श्हमारा भाईचारा बड़ा है और तुम दोनों बहुत पुण्य का काम कर रहे हो। गैंगस्टर रोहित गोदारा की भूमिका सामने आने के बाद अब उसे भी लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई के साथ इस केस में आरोपी बना लिया गया है। वो विदेश में बैठकर यहां शूटर्स और हैंडलर को निर्देश दे रहा था। उसी के कहने पर हरियाणा के फतेहाबाद के हैरी

हरपाल ने मुंबई में दूध का काम करने वाले नागौर के बासनी निवासी मोहम्मद रफीक के जरिए शूटर्स को मुंबई में ठहराने और रुपए का इंतजाम करवाया था। फिलहाल इस केस में शूटर्स समेत कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने इस केस में नागौर के बासनी से मोहम्मद रफीक चौधरी को गिरफ्तार किया था।

# जयपुर विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माणों के खिलाफ की पुख्ता सीलिंग की कार्रवाइयां

## झोटवाडा क्षेत्र के नागल जैसा बोहरा में किड्स औरिजिन स्कूल कैम्पस, इन्दौरा नगर में विधिसम्मत गतिविधि को दिया अंजाम

### जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के कृषि भूमि पर व्यावसायिक रूप से संचालित अवैध गार्मेन्ट फैक्ट्री की नियमानुसार सीलिंग की कार्यवाही।

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा आज दिनांकः 19.05.2024 को जोन 12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित झौटवाडा क्षेत्र के नागल जैसा बोहरा में किड्स औरिजिन स्कूल कैम्पस, इन्दौरा नगर में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के कृषि भूमि पर क्षेत्रफल करीब 56×86 फीट में व्यावसायिक रूप से अवैध गार्मेन्ट फैक्ट्री का संचालन किये जाने पर धारा 32, 33 जेडीए के एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध फैक्ट्री का निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकों द्वारा अवैध अवैध फैक्ट्री नही हटाये जाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा-34 (क) का नोटिस जारी कर आज दिनांक 19.05.2024 को उक्त अवैध फैक्ट्री के प्रवेश द्वारो इत्यादि को इंजीनियरिंग की शाखा की मदद से ईटों की दीवारों से चुनवाकर गेटो पर ताले सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जविप्रा द्वारा सीलिंग में हुये व्यय खर्च की नियमानुसार संबंधित से वसूली की जायेगी।

मुरलीपुरा क्षेत्र सीकर रोड पर नीलगिरी कॉलोनी पिंक सिटी सिनैमा के पीछे भूखण्ड संख्या बी-34 आवससीय भूखण्ड में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के कृषि भूमि पर व्यावसायिक रूप से बनी अवैध गत्ता फैक्ट्री की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही।

. जोन 12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित मुरलीपुरा क्षेत्र नीलगिरी कॉलोनी पिंक सिटी सिनेमा के पीछे कूकर खेडा अनाज मंडी सीकर रौड पर भूखण्ड संख्या बी-34 आवससीय भूखण्ड में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के कृषि भूमि पर क्षेत्रफल करीब 60 ×100 फीट में व्यावसायिक प्रयोजनार्थ गत्ता फैक्ट्री का अवैध निर्माण किये जाने पर धारा 32. 33 जेडीए के एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण बन्द करवाया जाकर हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाये जाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृक्ति प्राप्त कर धारा-34 (क) का नोटिस जारी कर आज दिनांक 19.05.2024 को उक्त अवैध फैक्ट्री के प्रवेश द्वारो इत्यादि को इंजीनियरिंग की शाखाकी मदद से ईटों की दीवारो से चुनवाकर गेटो पर ताले सील चपड़ी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जविप्रा द्वारा सीलिंग में हुये व्यय खर्च की नियमानुसार संबंधित से वसूली की जायेगी।उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-12. पी आर एन नोर्थ तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### लू एवं तापघात से बचाव के लिए सुनिश्चित करें माकूल

- अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा शुभ्रा सिंह ने सभी जिला कलेक्टर्स को लिखा पत्र

**चमकता राजस्थान। जयपुर,खलील कुरैशी।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने तेज गर्मी एवं लू की स्थिति के दृष्टिगत सभी जिला कलेक्टर्स को पत्र लिखकर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए लू एवं तापघात से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की गहन मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए हैं। सिंह ने पत्र में कहा है कि अत्यधिक गर्मी को देखते हुए मानव जीवन को सुरक्षित रखना हमारा प्रमुख दायित्व है।हीट वेव रिलेटेड बीमारियों के संबंध में भारत सरकार ने अलर्ट जारी किया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आपातकालीन सेवाओं के संचालन हेतु विभिन्न बैठको, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, मॉक ड्रिल, तथा वी.सी. के माध्यम से सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अत्यधिक गर्मी एवं लू की स्थिति में आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ ही व्यापक जन-जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित कर रहा है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा है कि इन व्यवस्थाओं के संबंध में वन विभाग, राजस्थान पॉल्यूशन कन्ट्रोल बोर्ड, आपदा प्रबन्धन विभाग, कृषि विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग, महिला एवं बाल विकास, मौसम विभाग, स्थानीय निकाय विभाग तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्य-योजना बनाया जाना अपेक्षित है। चिकित्सा संस्थानों में फायर एन.ओ.सी, पानी तथा बिजली की निर्बाध आपूर्ति, ऑक्सीजन तथा एम्बुलेंस की सुविधा अत्यंत आवश्यक है। सिंह ने जिला कलेक्टर्स से अपेक्षा की है कि वे भामाशाहों, गैर-सरकारी संगठनों, धार्मिक ट्रस्टों को प्रेरित कर तथा संबंधित विभागों के जिलाधिकारीयों को उचित दिशा-निर्देश प्रदान कर लू एवं तापघात से बचाव के लिए माकूल इंतजाम सुनिश्चित करें। साथ ही, किसी तरह की आपात या असाधारण स्थिति उत्पन्न होने पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा राज्य सरकार को तुरन्त अवगत कराएं।

### जयपुर में धोखेबाज प्रेमी ने नशीली दवा पिलाकर किया युवती से रेप



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** जयपुर में धोखेबाज प्रेमी के एक युवती से रेप करने का मामला सामने आया है। होटल में मिलने बुलाकर आरोपी ने नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर रेप किया। बेहोशी की हालत में बनाए अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर देहशोषण करता रहा। चित्रकूट थाने में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच स्टु प्रियंका कर रही हैं। पुलिस ने बताया कि मुरलीपुरा निवासी 26 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मार्च-2023 में कॉमन फेंड के जरिए उसकी मुलाकात जितेन्द्र कुमार से हुई थी। बातचीत के दौरान दोनों ने एक-दूसरे के मोबाइल नंबर एक्सचेंज कर लिए। मोबाइल पर बात करने पर दोनों के बीच अच्छी दोस्ती हो गई।

आरोपी होटल में बुलाकर पिलाई नशीली कोल्ड ड्रिंक, अश्लील वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल है कि करीब एक महीने बाद आरोपी जितेन्द्र ने उसे मिलने के बहाने होटल बुलाया। होटल में मिलने जाने पर कोल्ड ड्रिंक पिलाई।कोल्ड ड्रिंक में नशा मिला होने के कारण वह बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में आरोपी ने उसके साथ रेप किया। उसके अश्लील वीडियो मोबाइल में बना लिए। होश आने पर अश्लील वीडियो दिखाकर चुप करवा दिया। विरोध करने पर शादी करने का वादा किया। शादी करने का झांसा देने और अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर देहशोषण करता रहा। शादी का दबाव बनाने पर आरोपी ने मारपीट कर मना कर दिया। धोखे का एहसास होने पर पीड़िता ने चित्रकूट थाने में आरोपी प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

### भीषण गर्मी के मध्यनजर यात्रियों के लिए पेयजल समेत सभी बुनियादी सुविधाओं के हो पुख्ता इंतज़ाम :- श्रेया गुहा



**चमकता राजस्थान। जयपुर,।** खलील कुरैशी रोडवेज अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रेया गुहा रविवार को एकदिवसीय दौरे पर सवाईमाधोपुर पहुँची। इस दौरान उन्होंने सवाईमाधोपुर रोडवेज बस स्टैंड एवं कार्यशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गुहा ने भीषण गर्मी से यात्रियों को राहत दिलाने के लिए पेयजल समेत सभी बुनियादी सुविधाओं के पुख्ता इंतज़ाम सुनिश्चितकरने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान रोडवेज अध्यक्ष के साथ आगर मुख्य प्रबंधक गजानंद जागिड़ सहित प्रबंधक संचालन दिलीप शर्मा प्रबंधक वित्त कपूर चांद जैन एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। रोडवेज सीएमडी रोडवेज डिपो की व्यवस्थाओं एवं साफसफाई से संतुष्ट नजर आई तथा परिसर में खाली जगह में और अधिक पौधारोपण करने के अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देश दिए तथा आगार परिसर में सामुदायिक शौचालय उपयोग में आने के कारण अन्य अनुपयोगी यूरिनल को हटाने हेतु भी निर्देशित किया गया। बस स्टैंड पर मौजूद यात्रियों से भी फीडबैक लिया गया जिसमे यात्रियों को पानी छाया एवं बैठने की व्यस्था तथा रोडवेज में यात्रा के दौरान उनके अनुभव के बारे में पूछा गया तो यात्री रोडवेज स्टैंड की व्यवस्था एवं रोडवेज बस में यात्रा के दौरान रोडवेज सेवा से संतुष्ट नजर आए। कार्यशाला एवं स्टोर के निरीक्षण के दौरान कार्यशाला में मौजूद स्क्रैप को केंद्रीय कार्यशाला भिजवाने हेतु तथा प्रबंधक संचालन को कार्यशाला में और अधिक साफ सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया।

## एक नजर

### तीन दुकानों में लगी आग घरों तक पहुंची

**जबलपुर।** जबलपुर शहर के गंजीपुरा इलाके में रविवार सुबह तीन दुकानों में आग लग गई। धीरे धीरे आग बढ़ती चली गई और पीछे की तरफ बने तीन घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। फायर ब्रिगेड की 20 गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं, जो आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही है। गंजीपुरा शहर का घना और व्यस्ततम इलाका है, जिसके चलते परेशानी हो रही है। भय है कि आग और भी घरों और दुकानों को अपनी चपेट में न ले। जानकारी अनुसार शहर के सबसे व्यस्ततम गंजीपुरा मार्केट स्थित एक तीन मंजिला कपड़े की दुकान में रविवार सुबह करीब नौ बजे आग लग गई। ग्राउंड फ्लोर में लगी आग तेजी से ऊपर की ओर फैल गई और उसकी चपेट में ऊपरी मंजिल की कपड़े की दुकान को भी चपेट में ले लिया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया।

### झोपड़ी में लगी आग से युवक की जलकर मौत

**कानपुर।** शिवराजपुर थाना क्षेत्र में रविवार को एक झोपड़ी में आग लग गई। हादसे में झोपड़ी के अंदर रहे युवक की जलकर मौत हो गई और 15 बकरियां भी जलकर खाक हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ साक्ष्य एकत्र किये। हरनू गांव के बाहर कुछ लोग डेरा बनाकर रह रहे हैं और इसी डेरा में मोनू भी झोपड़ी बनाकर परिवार संग रह रहा था। रविवार को मोनू की झोपड़ी में अचानक आग लग गई और आग ने फौरन विकराल रूप धारण कर लिया। भीषण आग के बीच 32 वर्षीय मोनू झोपड़ी के अंदर ही फंस गया और उसकी जलकर मौत हो गई। आग से मोनू की 15 बकरियां भी चपेट में आ गई और वह भी जलकर खाक हो गई। इसके अलावा झोपड़ी में रखी पूरी गृहस्थी भी जल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दमकल टीम के साथ आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बड़ा हादसा हो गया। फॉरेंसिक टीम ने आग लगने के कारणों की जानकारी जुटाते हुए साक्ष्य एकत्र किया। एडीसीपी विजयेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार जो जानकारी मिली है।

### पुलिस कर्मी ने फांसी लगाकर किया सुसाइड एडिशनल एसपी की गाड़ी चलाता था आरक्षी

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम शहर के नंदविहार कालोनी में रहने वाले एक पुलिस कर्मी ने शनिवार देर रात फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। परिजन उसे फंदे से उतारकर जिला अस्पताल ले गए, जहां जांच के बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। फिलहाल आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार अमित पुत्र रामनारायण गौर (42) नंदविहार कॉलोनी नर्मदापुरम में रहते थे। उनकी पोस्टिंग हरदा पुलिस विभाग में थी और वो हरदा एडिशनल एसपी की गाड़ी के ड्राइवर थे। रविवार रात करीब एक बजे अमित ने अपने घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसका शव फंदे पर लटका देखा तो उसे तुरंत नीचे उतार कर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली थाना एसआई डीएल विश्वकर्मा ने बताया कि अमित गौर ने फांसी क्यों लगाई, ये अभी स्पष्ट नहीं हो पाया। फि लहाल कोई सुसाइड नोट नहीं मिला।

### दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत

**फतेहाबाद।** सिरसा जिले से गांव खाबड़ा कलां में रविवार को सुबह झाड़ा लगवाने के लिए आ रहे दम्पति की बाइक को दूसरी बाइक ने जोरदार टक्कर दे मारी। इस हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में सिरसा जिले के गांव कुताबढ़ निवासी मुन्नी देवी ने कहा है कि वह अपने पति विजय पासवान के साथ बाइक पर सवार होकर अपने गांव से फतेहाबाद के गांव खाबड़ा कलां में झाड़ा लगवाने के लिए आ रही थी। सुबह करीब 8 बजे वह गांव पीलीमंदौरी के बस अड्डे के पास भट्टूकलां की तरफ से आ रहे एक अन्य बादकसवार ने लापरवाही व तेजगति से चलाते हुए उसकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। इस हादसे में उसके पति के शरीर पर काफी चोटें आई।

### चरस बेचने वाली ताहिरा खातून गिरफ्तार


**देहरादून।** नारकोटिक्स टीम ने डोईवाला क्षेत्र से ताहिरा खातून को 259 ग्राम स्मैक के साथ रविवार को गिरफ्तार किया है। इसकी कीमत लगभग 78 लाख आंकी गई है। यह वर्षों से इस नेटवर्क से जुड़ी हुई है। आरोपित वह स्मैक बरेली से लेकर आई थी। पूछताछ पर कई अन्य ड्रग पैडलरों के नाम की भी जानकारी दी गई है। नारकोटिक्स तथा पुलिस विभाग की टीम ने उन लोगों की भी जानकारी प्राप्त की है जो ताहिरा खातून से स्मैक खरीदते थे और जौलीग्रांट क्षेत्र के रहने वाले छात्रों को बेचते थे। मूल रूप से बरेली की रहने ताहिरा खातून बड़े ड्रग डीलरों के सम्पर्क में आई।

### परिवार के साथ गंगा स्नान कर रहा युवक डूबा

**कानपुर।** सूरज की उगलती आग से भीषण गर्मी पड़ रही है और लोग तालाब, पोखर व नदी में स्नान कर राहत की सांस ले रहे हैं। रविवार को भी एक परिवार गर्मी से राहत पाने के लिए गंगा स्नान करने गया था, जहां पर युवक गहराई में जाने से डूब गया और उसकी मौत हो गई। बिठूर थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी 30 वर्षीय मयंक तिवारी परिवार के साथ शिवराजपुर थाना क्षेत्र के सरेर्या घाट गंगा स्नान करने गया था। परिवार के सभी लोग भीषण गर्मी में गंगा स्नान कर रहे थे। इसी दौरान मयंक तिवारी समझ नहीं पाया।

# इंडी गठबंधन देश को आगे नहीं बढ़ा सकता : अमित

- इलाहाबाद के युवाओं का भला केवल प्रधानमंत्री मोदी ही कर सकते हैं
- सोनिया गांधी अपने बेटे राहुल को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं



**प्रयागराज। एजेंसी**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रयागराज के सोरांव में रविवार को एक चुनावी जनसभा में कहा कि इंडी गठबंधन देश को आगे नहीं बढ़ा सकता। ये अपने बेटे-बेटियों के लिए काम करते हैं। शरद पवार अपनी बेटी सुप्रिया सुले को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। उद्धव ठाकरे अपने बेटे आदित्य ठाकरे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। ममता अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं। सोनिया गांधी अपने बेटे राहुल को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। शाह ने कहा कि इलाहाबाद के युवाओं का भला केवल प्रधानमंत्री मोदी ही कर सकते हैं। जो नेता अपने बेटे-बेटियों के लिए ही राजनीति में सक्रिय हैं वह युवाओं का भला कैसे कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये कुंभ का क्षेत्र है। विरासत की भूमि है। यहां नरेन्द्र मोदी निषादराज पार्क बना रहे हैं। भारद्वाज ऋषि के आश्रम को विकसित किया जा रहा है और हनुमान जी के सामने बड़ा कॉरिडोर बनवाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस-सपा ने 70 वर्षों तक राम मंदिर को अटकाए रखा। सपा सरकार ने कारसेवकों पर गोलियां चलवाईं। जनता ने मोदी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया। राम मंदिर का केस जीता, भूमि पूजन किया और राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी। जब ट्रस्ट वालों ने इंडी गठबंधन के नेताओं का राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का न्योता भेजा, तो ये राहुल बाबा, सोनिया गांधी, अखिलेश यादव, डिंपल भाभी... गए ही नहीं, क्योंकि ये अपने वोट बैंक से डरते हैं जबकि भाजपा के लोग किसी से नहीं डरते हैं।

गृहमंत्री ने कहा कि फारूक अब्दुल्ला और मणिशंकर अय्यर कहते हैं- पाकिस्तान को सम्मान दो क्योंकि उसके पास एटम बम है, उससे पीओके मत मांगो। राहुल गांधी आज प्रयागराज की पवित्र धरती पर मैं कह कर जाता हूं, यह पीओके हमारा है, हमारा रहेगा और हम इसे वापस लेकर रहेंगे। इंडी गठबंधन पर हमला करते हुए शाह ने कहा कि जब पत्रकारों ने इंडी अलायंस वालों से पूछा कि आपका प्रधानमंत्री प्रत्याशी कौन है ? तो उन्होंने कहा, हम बारी-बारी से बन जाएंगे।

## चार सौ से ज्यादा सीटें जीतेगी भाजपा : रावसाहेब

**मुंबई। एजेंसी**



भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रेल राज्यमंत्री रावसाहेब दानवे ने महाराष्ट्र के पंढरपुर में कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को देश में 400 से ज्यादा सीटें मिलेंगी। इसके साथ ही महाराष्ट्र में भाजपा-नीत एनडीए 45 से ज्यादा सीटें जीतेगा। उन्होंने कहा कि मराठा आरक्षण को लेकर आंदोलन करने वाले मनोज जरांगे का लोकसभा चुनाव में कोई असर नहीं दिखा है। रावसाहेब दानवे मोहिनी एकादशी के अवसर पर रविवार को विठ्ठल-रुक्मिणी के दर्शन के लिए पंढरपुर आए थे। दर्शन के बाद दानवे ने मीडियाकर्मियों से कहा कि राजनीति में कुछ भी हो सकता है। एनडीए को बहुमत नहीं मिलने से जुड़े सवाल पर दानवे ने कहा कि हमारे पास उद्धव ठाकरे और शरद पवार से समर्थन मांगने की नौबत नहीं आएगी। हमें उनकी जरूरत नहीं पड़ेगी। दानवे ने विश्वास जताया कि हमें 400 से ज्यादा सीटें जरूर मिलेंगी।

मनोज जरांगे ने ऐलान किया है कि वह विधानसभा चुनाव में मराठा समाज से उम्मीदवार उतारेंगे। इस पर दानवे ने कहा कि वैसे बात करें तो देश में लोकतंत्र है इसलिए जरांगे और उनके कार्यकताओं को चुनाव लड़ने का अधिकार है। देश का मतदाता होशियार है। अगर वह विधानसभा में खड़े होंगे तो जनता फैसला करेगी। दानवे ने साफ किया कि जरांगे और उनके मराठा आंदोलन का लोकसभा चुनाव पर कोई असर नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा कि जरांगे ने कभी भी राज्य सरकार का विरोध नहीं किया।

## झूठे आश्वासन नहीं, राष्ट्रोपयोगी व विकास कार्यों को देख जनता करती है चुनाव : पूनम

**मीरजापुर। एजेंसी**




पूर्व राज्यमंत्री कैलाश चौरसिया की भतीजी व उद्योगपति ओमप्रकाश चौरसिया की पुत्री पूनम चौरसिया ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विचारधारा व भाजपा के कार्यों से प्रभावित होकर सैकड़ों समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। चुनार तहसील के कैलहट स्थित यूनीटेक कॉलेज में रविवार को आयोजित महिला मोर्चा सम्मेलन में भाजपा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व मीरजापुर जिला प्रभारी सरोज कुशवाहा के नेतृत्व में प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह की उपस्थिति में पूनम ने भाजपा का दामन थामा। इस दौरान भाजपा व अपना दल (एस) की संयुक्त सांसद प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल भी मंचासीन रहीं।

पूनम चौरसिया ने कहा कि भाजपा ने अपने विकास कार्यों और भविष्य की पुख्ता तैयारी से विपक्ष को मुद्दाविहीन कर दिया है। जनता अब झूठे व कोरे आश्वासन से नहीं वरन राष्ट्रोपयोगी व विकास कार्यों को देखकर चुनाव करती है। उन्होंने बताया कि अब से पूर्व किसी भी प्रधानमंत्री ने केवल महिलाओं का प्रयोग वोट बैंक के रूप में ही किया था पर आज हम समाज से लेकर सदन तक अपनी स्थिति देख सकते हैं। तीन तलाक से छुटकारा, अपना मकान, गैस, इज्जत घर, महिला थाना, उचित चिकित्सा आदि कितनी योजनाएं सीधे हम महिलाओं को मिल रही हैं। हम सभी का कर्तव्य है कि नरेंद्र मोदी को और मजबूत बनाएं एवं खुद भी मजबूत बनें।

इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कुसुम शर्मा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य महिला मोर्चा आयुषी श्रीमाली, जिला उपाध्यक्ष निर्मल राय, महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पिंकी सिंह, प्रेमशिला सिंह, जिलाध्यक्ष आभा पटेल, जिला महामंत्री भाजपा हरिशंकर सिंह, डीसीएफ चेयरमैन विजय वर्मा आदि मौजूद थे।

## नेपाल : गृहमंत्री लामिछाने को संसद में बोलने देने के लिए विपक्षी दल तैयार

**काठमांडू। एजेंसी**



नेपाल में विपक्षी दल गृहमंत्री रवि लामिछाने को संसद के बजट सत्र में अपना पक्ष रखने देने के लिए तैयार हो गए हैं। इसके साथ ही विपक्षी दलों ने कहा है कि सहकारी घोटाले में अपनी संलिप्तता को लेकर लामिछाने का बयान यदि संतोषजनक नहीं होगा तो संसद में पहले ही तरह उनका विरोध जारी रहेगा।

हालांकि पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होने वाली संसद की कार्रवाई अब तक शुरू नहीं हो पाई है। प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के आह्वान पर आज सुबह विपक्षी नेताओं की बैठक हुई। संसद भवन में आयोजित विपक्षी मोर्चे की बैठक में गृहमंत्री को अपना पक्ष रखने देने पर सहमति बनी है। बैठक के बाद राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के प्रमुख सचेतक ज्ञानेन्द्र शाही ने मीडियाकर्मियों को बताया कि गृहमंत्री लामिछाने अपने ऊपर लगे आरोपों के बारे में संसद में अपना पक्ष रखना चाहते थे। विरोध कर रहे विपक्ष से उन्होंने अपना पक्ष रखने देने के लिए आग्रह किया था। बैठक में शामिल जनता समाजवादी पार्टी के नेता राजकिशोर यादव ने कहा कि सदन में गृहमंत्री के बयान को लेकर विपक्षी मोर्चा एकमत है। यदि गृहमंत्री के बयान से विपक्षी दल संतुष्ट नहीं हुए तो सदन में अवरोध की रणनीति आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री को अपना पक्ष रखने दिया जाएगा फिर उस पर जवाब भी दिया जाएगा। गृहमंत्री का जवाब संतोषजनक नहीं हुआ तो सदन की कार्यवाही आगे भी बाधित करेंगे। नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. शेखर कोईराला ने कहा कि सहकारी घोटाले में गृहमंत्री की भूमिका को लेकर संसदीय समिति गठित करने के लिए सरकार तैयार हो गई है।

### सरसई मध्यप्रदेश ने सिंडौस उत्तर प्रदेश को दी करारी मात

**औरैया।** चंबल म्यूजियम द्वारा आयोजित चंबल क्रिकेट लीग सीजन 3 के दूसरे दिन चौरेला ग्राउंड पर सिंडौस उत्तर प्रदेश और सरसई मध्य प्रदेश के बीच क्रिकेट मैच हुआ। सरसई टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। सिंडौस ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 104 रन बनाए। सिंडौस टीम के चंद्रकांत ने 50 रन बनाए। जवाब में उतरी सरसई टीम ने 9.5 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर मैच में जीत हासिल की। इस मुकाबले में सिंडौस टीम के खिलाड़ी जीतू ने सर्वाधिक तीन विकेट झटके, वहीं सरसई के खिलाड़ी आदित्य सिंह ने 3 विकेट लिए। सरसई टीम के खिलाड़ी अंकुश सिंह ने नाबाद रहकर 21 रन बनाए और 2 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच रहे। अंकुश को मैन ऑफ द मैच ट्रॉफी चंबल पर्यटन जुहीखा प्रभारी अजय कुमार और चंबल क्रिकेट लीग से जुड़े रमाकांत ने प्रदान किया। चंबल क्रिकेट लीग के दूसरे दिन अंपायर की भूमिका वैभव रंजन और पंकज सिंह ने अदा की। कमेंट्री अशोक द्विवेदी ने की। स्कोर बुक में डाटा दर्ज करने का काम देवेंद्र सिंह और स्कोर बोर्ड पर लिखने का काम अरूण प्रताप ने किया।

### बदरीनाथ हाइवे पर सड़क पर पलटा वाहन

**गोपेश्वर।** बदरीनाथ हाइवे पर शनिवार की रात्रि को चमोली से पीपलकोटी की ओर जाते हुए ब्रेक फेल होने के कारण सड़क पर ही पलट गया, जिससे वाहन में सवार 18 लोगों में तीन लोग घायल हो गये। उन्हें जिला चिकित्सालय गोपेश्वर लाया गया है। रविवार को वर्चुअल थाना गोपेश्वर के अनुसार बदरीनाथ हाइवे पर पीपलकोटी से आगे टेंपो ट्रेवल संख्या यूके 15पीए 4567 चमोली से पीपलकोटी की ओर जाते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। सूचना पर कोतवाली चमोली से पुलिस बल मौके पर पहुंचा, तो पता चला कि चमोली से दो सौ मीटर पीपलकोटी की ओर एक टेंपो ट्रैवलर अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया है। वाहन में कुल 18 लोग सवार थे, जिसमें से तीन लोगों मामूली चोंटे आयी हैं। बाकी सभी यात्री सुरक्षित हैं। पुलिस की ओर से घायलों को 108 के माध्यम से जिला चिकित्सालय गोपेश्वर भेजा गया और शेष यात्रियों के लिए वाहन की व्यवस्था कर उनके की ओर से पूर्व निर्धारित बुक किए गए होटल पीपलकोटी भेजा गया। चालक संजू पुत्र हरिचंद निवासी मंडी हिमाचल प्रदेश उम्र 47 वर्ष ने बताया कि वाहन के ब्रेक फेल होने के कारण वाहन को पहाड़ी से टकरा दिया था।

## कांग्रेस में रहते हुए राहुल के तलवे चाटते थे हिमंता बिस्वा : रामगोपाल

**मऊ। एजेंसी**



समाजवादी पार्टी( सपा ) के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रोफेसर रामगोपाल यादव की बोल एक बार फिर बिगड़ गई। उन्होंने इस बार असम के मुख्यमंत्री पर निशाना साधा है। रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि असम के मुख्यमंत्री को दृष्टि दोष हो गया है। वह कल तक कांग्रेस में रहते हुए राहुल गांधी के तलवे चाटते थे,अब इस तरह की बात कर रहे हैं। कौन नहीं जानता कि संविधान की किताब पार्लियामेंट में सभी सांसदों को दी गई थी, यह वही किताब है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सीएम सम्राट चौधरी के सवालों पर बोले कि जिसको मैं जानता तक नहीं उसके बारे में क्या पूछ रहे हैं। प्रो.रामगोपाल यादव अपनी चुनावी यात्रा के दौरान रविवार सुबह सपा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय पहुंचे थे। वह घोसी लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन समर्थित समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार राजीव राय के चुनावी हाल-चाल लेने पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बीजेपी की खटिया खड़ी हो गई है, बोल बदल गए हैं,अधिकारियों के भी रुख बदल गए हैं।

पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल की दिल्ली में राहुल गांधी द्वारा बयान दिया गया है कि महिलाओं की सूची बनाई जा रही है। उन्हें सालाना एक लाख रुपए उनके खाते में भेजा जाएगा, इस सवाल के जवाब में रामगोपाल ने कहा कि कांग्रेस की चुनावी घोषणा पत्र है। जब सरकार बनेगी तब लागू होगा। यह तो जनहित और लोगों को राहत देने वाली घोषणा है। वैसे तो बीजेपी वाले फालतू में अरबों-खरबों रुपया बांट रहे हैं,लूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी कुछ भी कर सकते हैं,अब वह जान रहे हैं कि उनकी विदाई तय है। उन्होंने कहा कि मऊ में अपने उम्मीदवार के हाल-चाल लेने पहुंचा हूं। वह चुनाव भारी मतों से जीत रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि पूरे प्रदेश में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी चुनाव जीत रहे हैं।

## अपराधियों को सजा दिलाने के लिए सुरक्षाबलों को खुली छूट : उपराज्यपाल

**जम्मू। एजेंसी**



उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शोपियां और पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि अपराधियों को सजा दिलाने के लिए सुरक्षाबलों को खुली छूट दे दी गई है। सिन्हा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ आतंकवादियों और उन्हें सहायता देने वाले लोगों की तलाश करेंगे। मैं आतंकवादी हमले और पूर्व सरपंच ऐजाज अहमद शेख की नृशंस हत्या से गहरे सदमे में हूं। वह एक अनुकरणीय जमीनी स्तर के नेता थे और लोगों के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए उन्हें याद किया जाएगा। मेरे विचार और प्रार्थनाएँ उनके परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के साथ हैं। एलजी मनोज सिन्हा ने अपने संदेश में कहा और कहा हम इस कठिन समय में परिवार के साथ एकजुटता से खड़े हैं। एलजी मनोज सिन्हा ने आगे कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर जघन्य हमला भी चिंताजनक है और कहा कि घायलों को सर्वोत्तम संभव उपचार प्रदान करने के लिए प्रशासन और पुलिस को निर्देश दिए गए हैं। मैंने पहले ही प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को घायल जोड़े को सर्वोत्तम संभव उपचार प्रदान करने का निर्देश दिया है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा कि सरकार ने आतंकवादियों और उनके सहयोगियों को कुचलने के लिए जम्मू.कश्मीर पुलिस और सुरक्षा बलों को खुली छूट दे दी है। सिन्हा ने कहा मुझे अपने कर्मियों की बहादुरी पर पूरा भरोसा है और इस हमले के अपराधियों को जल्द ही सजा दी जाएगी।

## स्वाद

**पहाड़ के अन्य फल भी 100 रुपये प्रति किग्रा से अधिक के भाव हैं**

# 5 गुना महंगा बिक रहा 'पहाड़ के फलों का राजा' काफल

**नैनीताल। एजेंसी**

- पिछले वर्षों में 200 रुपये प्रति किलो के भाव तक मिल जाता था, लेकिन इस वर्ष इसके दाम दोगुने तक बढ़ गये हैं।



यह पहाड़ के फलों के प्रति लोगों की दीवानगी है कि पहाड़ के फल पहाड़ में नहीं मिल रहे हैं। पहाड़ की मंडी हल्द्वानी में यह काफल मिल भी रहे हैं तो देश के दूर के हिस्सों से आने वाले फलों के मुकाबले कई-कई गुना तक महंगे। इस कारण पहाड़ के लोग ही पहाड़ के फलों का स्वाद नहीं ले पा रहे हैं। सबसे पहले बात पहाड़ के सुप्रसिद्ध फल काफल की, जो प्रसिद्ध कुमाउनी गीत बेडू पाको बारा मासा, नरैणा काफल पाको चैता मेरी छैला... के जरिये पहाड़ वासियों की ही नहीं बॉलीवुड की जुबान पर भी चढ़ चुका है। स्वाद की बात करें तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इसके दीवाने हैं। पिछले वर्ष उन्होंने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को काफल की प्रशंसा में पूरे एक पृष्ठ का पत्र लिखा था। इस काफल ने अपनी 350 से 400 रुपये प्रति किलोग्राम कीमत में फलों के राजा आम सहित अन्य सभी फलों को बहुत पीछे छोड़ दिया है। संभवतया यह हल्द्वानी में उपलब्ध सभी फलों में सबसे महंगा व खासकर आम से तो 5 गुना तक महंगा बिक रहा है। ऐसे में इसे पहाड़ के फलों का राजा भी कहें तो अतिशयोक्ति नहीं होगी।

काफल मंडी में नहीं आता है। गिने-चुने लोग, खासकर महिलाएं इसे जंगलों से तोड़कर लाते हैं। बताया जा रहा है कि इस वर्ष वनाग्नि की वजह से काफल के पेड़ भी जले हैं। इस कारण इस वर्ष इसकी पैदावार भी कम हुई है। इसलिये यह जहां पिछले वर्षों में 200 रुपये प्रति किलो के भाव तक मिल जाता था, लेकिन इस वर्ष इसके दाम दोगुने तक बढ़ गये हैं, और यह फलों के ठेलों की जगह फुटपाथ पर भी इतना महंगा बिक रहा है। यह भी है कि पहाड़ के अन्य फल भी 100 रुपये प्रति किग्रा से अधिक के भाव बिक रहे हैं, जबकि अन्य बाहरी फल 100 से नीचे के भाव पर उपलब्ध हैं।

**काफल खाने के लाभः-**

काफल को अंग्रेजी में बॉक्स मिर्टल, संस्कृत में कट्फल, सोमवल्क, महावल्कल, कैटर्य, कुम्भिका, श्रीपर्णिका, कुमुदिका, भद्रवती, रामपत्रीय तथा हिंदी में कायफर व कायलफ भी कहा जाता है।

## नेतन्याहू को युद्ध कैबिनेट के सदस्य की धमकी नई युद्ध योजना नहीं अपनाने पर इस्तीफा दे देंगे

**तेल अवीव। एजेंसी**



इजराइल के तीन सदस्यीय युद्ध कैबिनेट के अहम सदस्य बेनी गैंट्ज ने गाजा में युद्ध के लिए नई योजना नहीं अपनाने पर सरकार से इस्तीफा देने की धमकी दी है। शनिवार को उन्होंने कहा कि अगर युद्ध पर नई योजना नहीं अपनाई गई तो वे 08 जून को पद से इस्तीफा दे देंगे। इस धमकी से अक्टूबर माह से गाजा में युद्ध लड़ रहे इजराइल के नेतृत्व में गहरी खींचतान के संकेत मिल रहे हैं। गाजा में चल रहे युद्द के बीच इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को युद्ध कैबिनेट सदस्य बेनी गैट्स ने 8 जून तक हमास के खिलाफ निर्णायक युद्ध की योजना पर अमल नहीं करने पर इस्तीफा देने की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि योजना में हमास का खात्मा, बंधकों की सुरक्षित वापसी, गाजा पट्टी में एक वैकल्पिक सरकार का गठन और उत्तर में इजरायली निवासियों को वापस लाना शामिल है। उन्होंने नेतन्याहू के नेतृत्व की आलोचना करते हुए कहा कि नेतन्याहू इसी तरह नेतृत्व करना चुनते हैं तो देश रसातल में चला जाएगा। तब हम सरकार से हट जाएंगे, लोगों की ओर रुख करेंगे और एक ऐसी सरकार बनाएंगे जो वास्तविक जीत दिला सके। गैंट्ज ने स्वीकार किया कि युद्ध का नागरिकों पर हानिकारक प्रभाव पड़ रहा है लेकिन निर्णायक फैसला किए जाने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि 7 अक्टूबर 2023 से इजराइल और हमास के बीच व्यापक संघर्ष जारी है।

## एक नजर

### टेस्ट मैच की तरह बर्ताव कर रही पिच पर 200 पार का स्कोर अविश्वसनीय था : डुप्लेसी



**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि बारिश के बाद टेस्ट मैच की तरह बर्ताव कर रही पिच बल्लेबाजों का स्कोर को 200 के पार ले जाना और आखिरी ओवर में यश दयाल का गेंदबाजी प्रदर्शन अविश्वसनीय रहा। मैच जीतने के बाद डुप्लेसी ने कहा मुझे लगा कि मैंने बारिश के बाद अब तक सबसे मुश्किल पिच पर यहीं बल्लेबाजी की। यह इतनी मुश्किल प्रतीत हो रही थी कि मैं और विराट कोहली तो 140-150 के स्कोर तक पहुंचने की बात कर रहे थे। यह रांची के पांच दिवसीय टेस्ट मैच की तरह बर्ताव कर रही थी और वहां से 200 के स्कोर को पार करना अविश्वसनीय था। उन्होंने कहा जब हम जीत नहीं रहे थे तब भी प्रशंसक हमारे साथ खड़े थे। जिस तरह का समर्थन हमें मिला इसके लिए हम प्रशंसकों के शुक्रगुजार हैं। एक टीम के तौर पर हम इस अपार समर्थन के लिए उन्हें लैप ऑफ ऑनर भी देंगे। डुप्लेसी को उनके अर्धशतक और मिडऑफ पर मिचेल सैंटनर का एक अविश्वसनीय कैच लपकने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने कहा कि इस पुरस्कार के असली हकदार दयाल हैं, जिन्होंने ना सिर्फ एक गीली गेंद के साथ गेंदबाजी की बल्कि दबाव को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया।

### ऑस्ट्रेलिया के जस्टिन लैंगर ने भारतीय टीम के कोच बनने पर अपना बयान दिया



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के जस्टिन लैंगर ने भारतीय टीम के कोच बनने पर अपना बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत का कोच बनना क्रिकेट जगत की सबसे बड़ी जिम्मेदारियों में से एक है और अगर समय सही नहीं हो तो यह थकाऊ काम भी हो सकता है। आईपीएल सीजन में लखनऊ सुपर जाइंट्स के कोच रहे लैंगर से कई बारे में पूछा गया कि क्या वह भारत का कोच बनने के इच्छुक हैं चूंकि राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो रहा है। लैंगर ने कहा कि यह क्रिकेट का सबसे बड़ा काम है, भारतीय टीम का मुख्य कोच बनना। उन्होंने कहा कि एक तो इतना ज्यादा क्रिकेट खेला जा रहा है और दूसरा अपेक्षाओं का दबाव। यह काफी चुनौतीपूर्ण है लेकिन रोमांचक भी होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए सही समय की जरूरत है। मैं ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के साथ करीब चार रहा। ये काफी थकाऊ काम है। उन्हेंने कहा कि मेरा मानना है कि राहुल द्रविड़ भी यही कहेंगे और रवि शास्त्री भी यही कहेंगे। भारतीय टीम पर जीतने का दबाव बहुत ज्यादा है।

### दुनिया के सबसे ऊंचे पोलिंग बूथ टशीगंग सोमवार को पहुंचेंगे साइकिल सवार




**शिमला।** दुनिया के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र टशीगंग से साइकिल सवार देश के मतदाताओं को मतदान का संदेश देने के लिए साइकलिंग एक्सपीडिशन स्पीति में शनिवार को पहुंच गये। ताबो के सेरकोंग स्कूल के बच्चों द्वारा इन साइकिल सवारों का भव्य स्वागत किया गया। इसके साथ ही स्कूल में कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। शिमला के रिज मैदा प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने साइकलिंग एक्सपीडिशन के साइकिल सवार शिमला से 436 किलोमीटर की दूरी तय कर स्पीति के काजा में पहुंचे हैं। लोकसभा और विधानसभा उप-चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए साइकलिंग एक्सपीडिशन आयोजित की गई है। ये साइकिल सवार 20 मई को टशीगंग (15256 फीट) पहुंचेंगे। स्टेट इलेक्शन आइकन जसप्रीत पाल उनके साथी क्षितिज शिमला से टाशीगंग जाएंगे।

# आरसीबी की जीत के बाद भावुक हुए विराट

## आईपीएल 2024 : हार से दुखी एमएस धोनी ने खिलाड़ियों से नहीं मिलाया हाथ





- विराट कोहली ने स्टेडियम की छत पर छक्का मारा
- कोहली ने चिन्नास्वामी स्टेडियम की छत पर सिक्स लगा दिया
- मैच शुरू होने के तीन ओवर बाद ही बारिश आ गई

- ओवर की पहली ही बॉल पर ऋतुराज ने शॉर्ट फाइन लेग पर शॉट खेला, फील्डिंग कर रहे यश दयाल लो कैच पकड़ा

**नई दिल्ली। एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL 2024) में शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) को 27 रन से हरा दिया। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में फ्छइ ने 5 विकेट के नुकसान पर 218 रन बनाए। CSK 7 विकेट खोकर 191 रन ही बना सकी। जीत के बाद विराट कोहली भावुक हो गए और उनके आंखों में आंसू आ गए। मुकाबले में एमएस धोनी ने 110 मीटर का सिक्स लगाया। फाफ डु प्लेसिस के रनआउट पर कॉन्ट्रोवर्सी हुई। दूसरी पारी में कप्तान डु प्लेसिस ने शानदार कैच भी लपका।

विराट कोहली ने चिन्नास्वामी स्टेडियम की छत पर सिक्स लगा दिया। तीसरे ओवर की पहली बॉल पर तुषार देशपांडे ने कोहली को शॉर्ट ऑफ लेंथ बॉल फेंकी। कोहली ने डीप बैकवर्ड स्क्वायर पर शॉट खेला और बॉल सीधे स्टेडियम की छत पर जा गिरी। बारिश के कारण पहली पारी में खेल रोकना पड़ा। मैच शुरू होने के तीन ओवर बाद ही बारिश आ गई। तब RCB का स्कोर 31/0 था। विराट कोहली 19 रन और फाफ डु प्लेसिस 12 रन बनाकर नाबाद थे। करीब आधे घंटे बाद मैच फिर शुरू हुआ।

**डेरिल मिचेल ने लिया शानदार कैच**

डेरिल मिचेल ने 10वें ओवर में बाउंड्री पर विराट का शानदार कैच लिया। इस ओवर में मिचेल सैंटनर ने एक तेज बॉल फेंकी जो अंदर की ओर आई। विराट ने लॉन्ग ऑन शॉट खेला। यहां डेरिल मिचेल खड़े थे। उन्होंने बॉल को कैच किया पर बैलेंस बिगड़ने पर बॉल को बाउंड्री के भीतर उछाल दिया, फिर वापस आकर कैच कम्पलीट किया।

RCB के बल्लेबाज फाफ डु प्लेसिस के रनआउट को लेकर कॉन्ट्रोवर्सी हो गई। 13वें ओवर की आखिरी बॉल पर मिचेल सैंटनर ने फुल लेंथ गेंद फेंकी। स्ट्राइक पर बल्लेबाजी कर रहे रजत पाटीदार ने इसे सामने की ओर खेला। बॉल सैंटनर के हाथों से होकर नॉन स्ट्राइकर एंड के स्टंप्स पर जा लगी। नॉन स्ट्राइक एंड पर फाफ डु प्लेसिस थे।

CSK की रनआउट अपील पर अंपायर ने इसे थर्ड अंपायर को रेफर किया। स्क्रीन पर देखा गया कि जब बॉल स्टंप से लगी तब डु प्लेसिस का बल्ला हवा में था। हालांकि यह स्पष्ट नहीं था। अंपायर ने कई रीप्ले देखने के बाद डु प्लेसिस को आउट दे दिया। डु प्लेसिस और टीम इस फैसले से असहमत दिखाई दी।

CSK की इनिंग्स की पहली ही बॉल पर फ्छइ को विकेट मिल गया। ग्लेन मैक्सवेल पहली गेंद फेंकने आए। ओवर की पहली ही बॉल पर ऋतुराज गायकवाड ने शॉर्ट फाइन लेग पर शॉट खेला। वहां फील्डिंग कर रहे यश दयाल लो कैच पकड़ा। RCB के विकेटकीपर दिनेश कार्तिक ने रवींद्र जडेजा को जीवनदान दिया। कैमरन ग्रीन ने 13वें ओवर की दूसरी बॉल बाउंसर फेंकी। बॉल जडेजा के बल्ले से लगकर विकेटकीपर की ओर गई। लेकिन बॉल थोड़ी आगे की ओर रही और विकेटकीपर दिनेश कार्तिक कैच नहीं लपक सके।

CSK की इनिंग्स के 14वें ओवर में मोहम्मद सिराज ने ऑफ-स्टंप के बाहर फुल टॉस गेंद फेंकी, फ्रंट फुट पर सेंटनर ने एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन बॉल उनके बल्ले के निचले हिस्से से लगी। बॉल एक्स्ट्रा कवर की दिशा में हवा में जा रही थी, लेकिन फाफ डु प्लेसिस ने शानदार छलांग लगाई, अपना दाहिना हाथ बढ़ाया और गेंद को एक हाथ से पकड़ लिया।

**धोनी ने लगाया 110 मीटर का सिक्स**

CSK की इनिंग्स के आखिरी ओवर में यश दयाल ने एमएस धोनी को फुल टॉस फेंकी। इसपर धोनी ने पुल किया और फाइन लेग पर 110 मीटर का सिक्स लगा दिया। बेंगलुरु की 27 रनों से जीत के बाद विराट कोहली भावुक हो गए। उनकी आंखों में आंसू आ गए। उन्होंने इसे छिपाने की कोशिश भी की। विराट इस क्ढछ में अब तक 708 रन बनाकर टॉप स्कोरर हैं। ऑरेंज कैप उन्हीं के पास है।

**बेंगलुरु प्रशंसक जीत के बाद सड़क पर उतरे, लगा जाम**

बेंगलुरु की जीत के बाद टीम के प्रशंसक जश्न मनाने के लिए सड़क पर आ गए। जिससे सड़कों पर जाम लग गया। टीम बस को होटल तक ले जाने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। एमएस धोनी बेंगलुरु के खिलाफ हार से इतने दुखी थे, कि उन्होंने खिलाड़ियों से हाथ मिलाए बिना चले गए। शनिवार को बेंगलुरु ने चेन्नई को 27 रन से हराया। इसके साथ ही चेन्नई प्ले ऑफ से बाहर हो गई। मैच के बाद धोनी मैदान पर कोचिंग स्टाफ से हाथ मिलाने के बाद जल्दी चले गए।

# चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने जीता थाईलैंड ओपन का खिताब

- चीनी खिलाड़ियों ने दो अंक लेकर भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की बराबरी कर ली
- चीनी खिलाड़ियों को बैकफूट पर धकेल दिया और इंटरवल तक 11-6 की बढ़त हासिल कर ली




**बैंकॉक। एजेंसी**

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष भारतीय जोड़ी ने रविवार को चीन की चेन बो यांग और लियू यी की जोड़ी को फाइनल मुकाबले में हराकर थाइलैंड ओपन का पुरुष युगल खिताब जीत लिया है। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने 46 मिनट तक चले मुकाबले में चीन की जोड़ी को 21-15, 21-15 से हराकर 2024 बैडमिंटन सत्र का अपना दूसरा खिताब अपने नाम किया। शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए भारतीय खिलाड़ियों ने शुरूआत में 4-1 की बढ़त बनाई। इसके बाद यांग और यी की जोड़ी ने भी पलटवार किया और पहले हाफ टाइम तक 11-10 से बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद विश्व बैडमिंटन रैंकिंग की वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी ने शानदार वापसी की और चीनी जोड़ी को गलती करने पर मजबूर कर दिया। भारतीय जोड़ी ने अपनी लय हासिल करते हुए 19-15 की बढ़त बनाई। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने दो अंक अर्जित करते हुए पहला गेम 21-15 से जीत लिया। दूसरे गेम में चीनी खिलाड़ियों ने दो अंक लेकर एक बार फिर भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की बराबरी कर ली। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने तेज तर्रार स्मैश के जरिए चीनी खिलाड़ियों को बैकफूट पर धकेल दिया ओर इंटरवल तक 11-6 की बढ़त हासिल कर ली।

ब्रेक के बाद आत्मविश्वास से भरी भारतीय जोड़ी ने कोर्ट 19-15 की बढ़त के साथ खेल को अपने कब्जे में लिया और फिर लगातार दो और अंक हासिल करते हुए मैच पर जीत की मुहर लगा दी। चिराग और सात्विक के लिए यह वर्ष 2024 बैडमिंटन सत्र का दूसरा खिताब था और थाईलैंड ओपन का भी दूसरा खिताब था। मार्च में फ्रेंच ओपन जीतने से पहले चिराग और सात्विक इस साल की शुरूआत में मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के फाइनल में हार गए थे। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने खिताब जीतने के बाद कहा थाईलैंड ओपन हमारे लिए एक विशेष टूर्नामेंट रहा है क्योंकि हमने यहां अपना पहला सुपर 500 खिताब भी जीता था और उसके बाद कई और टूर्नामेंट जीते हैं। हम उम्मीद कर रहे हैं कि यह जीत हमारे लिए एक और विजयी अभियान शुरू करेगी।

इस टूर्नामेंट से 9200 रैंकिंग अंकों के साथ, भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को अगले सप्ताह विश्व नंबर 1 रैंक हासिल करने की उम्मीद है। सात्विक और चिराग का बीडब्ल्युएफ वर्ल्ड टूर पर यह आठवां खिताब था। भारतीय जोड़ी ने पिछले वर्ष स्विस ओपन, इंडोनेशिया ओपन और कोरिया ओपन जीता

# एक जून से टी20 वर्ल्ड कप का खेला जाएगा 9वां संस्करण



**नई दिल्ली। एजेंसी**

पांच ऐसे दिग्गज खिलाड़ी के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्होंने आईपीएल तो जीता लेकिन टी20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी उनके हाथ नहीं लगी। ब्रेंडन मैकुलम की गिनती टी20 क्रिकेट के सबसे बड़े बल्लेबाज के रूप में होती है। वह टी20 इंटरनेशनल में एक हजार और दो हजार रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज थे। इसके बाद भी कभी टी20 वर्ल्ड कप नहीं जीत पाए। वहीं 2012 में आईपीएल जीतने वाले केकेआर टीम में वह थे। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ऑलराउंडर शेन वॉटसन ने 2008 में राजस्थान रॉयल्स के साथ आईपीएल का खिताब जीता था। वह चेन्नई के साथ भी लीग जीत चुके हैं। हालांकि ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेलते हुए वह टी20 वर्ल्ड कप नहीं जीत पाए। साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ भी टी20 वर्ल्ड कप नहीं जीत पाए। उनकी कप्तानी में टीम ने का प्रदर्शन दमदार रहा लेकिन वह कोई भी आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाई। हालांकि राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए स्मिथ ने आईपीएल जीता था। मुथैया मुरलीधरन ने पहले तीन टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लिया था। 2009 में उनकी टीम फाइनल में पाकिस्तान से हार गई। वहीं आईपीएल में वह 2010 में चैंपियन बनने वाली चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा थे।

सुरेश रैना 2007 में टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा नहीं थे। उसके बाद 2009 से 2016 तक सभी टूनार्मेंट में वह टीम में थे लेकिन भारत को किसी में जीत नहीं मिली। रैना को मिस्टर आईपीएल कहा जाता है और वह 2010, 2011, 2018 और 2021 में विजेता बनने वाली चेन्नई का हिस्सा थे।



### विदेशी मुद्रा भंडार 2.6 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 644.2 अरब डॉलर पर



**मुंबई। एजेंसी**

विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में हुई बढ़ोतरी की बदौलत 10 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.6 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 644.2 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.7 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 641.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 10 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.5 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 565.65 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.1 अरब डॉलर बढ़कर 55.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 50 लाख डॉलर का इजाफा हुआ और यह बढ़कर 18.1 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 40 लाख डॉलर की गिरावट के साथ 4.5 अरब डॉलर पर आ गया।

# कंपनियों की तिमाही नतीजे पर रहेगी बाजार की नजर



**मुंबई। एजेंसी**

अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती करने की उम्मीद एक बार फिर बढ़ने की बदौलत बीते सप्ताह करीब दो प्रतिशत उछले घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह दिग्गज कंपनियों की तिमाही नतीजे और लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के मतदान प्रतिशत पर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1252.56 अंक अर्थात 1.7 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 73917.03 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 410.9 अंक यानी 1.9 प्रतिशत उछलकर 22466.10 अंक पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 1813.35 अंक अर्थात 4.42 प्रतिशत मजबूत होकर सप्ताहांत पर 42841.10 अंक और स्मॉलकैप 2194.68 अंक यानी 4.6 प्रतिशत की तेजी के साथ 47591.67 अंक हो गया।

विश्लेषकों के अनुसार, अगले सप्ताह एनटीपीसी, ओएनजीसी, ओआईएल, सेल, आईटीसी, बीईएल, भेल, हुडको, सुजलॉन, इंडिया सीमेंट, इरकॉन, बीसीसीएल, इक्रा, इंडिगो और अपोलो समेत कई दिग्गज कंपनियों के 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के परिणाम जारी होने वाले हैं। अगले सप्ताह कंपनियों के नतीजों पर बाजार की नजर रहेगी। साथ ही 20 मई 2024 को लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का मतदान होने वाला। पिछले चार चरण के चुनाव में वर्ष 2019 के आम चुनाव के मुकाबले मतदान प्रतिशत घट गया है। इसलिए पांचवें चरण के मतदान प्रतिशत का बाजार पर असर रहेगा। इनके अलावा अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती को लेकर रुख, विदेशी संस्थागत निवेशकों का निवेश प्रवाह, डॉलर इंडेक्स और कच्चे तेल की कीमतों की भी अगले सप्ताह बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। बीते सप्ताह बाजार में बुधवार की गिरावट को छोड़कर शेष चार दिन तेजी रही।

विश्व बाजार के मिलेजुले रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, इंडस्ट्रियल्स, कैपिटल गुड्स, रियल्टी और सर्विसेज समेत तेरह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 111.66 अंक की तेजी के साथ 72,776.13 अंक और निफ्टी 48.85 अंक की बढ़त लेकर 22,104.05 अंक पर बंद हुआ। देश में खुदरा महंगाई इस वर्ष अप्रैल में कम होकर ग्यारह माह के निचले स्तर पर आने से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, इंडस्ट्रियल्स, दूरसंचार, यूटिलिटीज और पावर समेत अठारह समूहों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत मंगलवार को सेंसेक्स 328.48 अंक उछलकर 73,104.61 अंक और निफ्टी 113.80 अंक की मजबूती के साथ 22,217.85 अंक पर रहा।

वहीं, विदेशी बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर एशियन पेंट, टाटा मोटर्स, मारुति और रिलायंस समेत सोलह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली के दबाव में बुधवार को सेंसेक्स 117.58 अंक की गिरावट लेकर 72,987.03 अंक और निफ्टी 17.30 अंक फिसलकर 22,200.55 अंक पर आ गया। अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती की एक बार फिर उम्मीद बढ़ने से एशियाई बाजारों में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव



**नयी दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.97 प्रतिशत चढ़कर 80.00 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 0.67 प्रतिशत की बढ़त के साथ 84.00 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। देश के चार महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत इस प्रकार रही।

## संक्षिप्त समाचार

### दीया कुमारी ने कमला बेनीवाल को श्रद्धासुमन किये अर्पित



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री राजस्थान कमला बेनीवाल के आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं परिजनों को सांत्वना दी।

### स्वर्गीय श्रीमती सुप्यार कंवर की 35वीं पुण्यतिथि पर आमरस एवं भजनामृत गंगा कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन





**चमकता राजस्थान। जयपुर।** स्वर्गीय श्रीमती सुप्यार कंवर की 35वीं पुण्यतिथि पर सुप्यार देवी तंवर फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार, 19 मई, 2024 को कांवटिया सर्कल पर भावपूर्ण भजन संध्या का आयोजन के साथ आमरस प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाशाली कलाकारों की आकाशीय आवाजें शांत वातावरण में गुंजायमान हो उठीं, जो उपस्थित लोगों के दिलों और आत्मा को छू गईं।

इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, आईएएस राजेंद्र विजय, एडिशनल एसपी - पूनमचंद विश्नोई, सुरेंद्र सिंह शेखावत, अनिल शर्मा के.के. अवस्थी, अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण सहित सुप्यार देवी तंवर फाउंडेशन के अध्यक्ष राधेश्याम तंवर, उपाध्यक्ष श्रीमती मीना कंवर, मंत्री मेघना तंवर, कोषाध्यक्ष अजय सिंह तंवर एवं गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे।

### निशुल्क चिकित्सा शिविर में सैकड़ों लोगों ने शिविर का उठाया लाभ उठाया

- **निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर आयोजित करने के लिए 'नवीन फाउंडेशन' के पदाधिकारी साधुवाद के पात्र-रवि नैय्यर**

**चमकता राजस्थान। जयपुर।** भाजपा नेता रवि नैय्यर ने रविवार को जवाहर नगर स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर में नवीन फाउंडेशन की ओर से आयोजित निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का उद्घाटन किया।



इस अवसर पर रवि नैय्यर ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान महावीर के सिद्धांतो का अनुसरण करते हुए ₹नवीन फाउंडेशन₹ संस्था मानव, समाज, देश और विश्व सेवा के लिए कार्य कर रही है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति अत्यंत लापरवाह रहते हैं। लोग अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लगातार नजर अंदाज करते रहते हैं और अचानक उन्हें पता चलता है कि वे किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हो चुके हैं और तब इलाज में लाखों रुपए खर्च होने की नौबत आ जाती है जिसे हर व्यक्ति वहन नहीं कर पाता है। 'नवीन फाउंडेशन' संस्था की ओर से प्रचार प्रसार करके लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ साथ प्रख्यात विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं एवं स्वास्थ्य संबंधी सभी जांचें शिविर में निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही हैं जिसका लाभ सैकड़ों लोगों मिलेगा। इस पुनीत कार्य के लिए 'नवीन फाउंडेशन' संस्था साधुवाद की पात्र है। शिविर उद्घाटन अवसर पर भाजपा नेता रवि नैय्यर के साथ ग्रेटर के उपमहापौर पुनीत कर्णावट, स्थानीय पार्षद नीरज अग्रवाल एवं संस्था के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जवाहर कला केन्द्र में 28 मई तक आयोजित होगा मेला

# राष्ट्रीय सहकार मेले का हुआ उद्घाटन

## शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारिता ने किया मेले का अवलोकन

### मेले में 119 स्टॉल पर जयपुरवासियों के लिए गुणवत्तापूर्ण मसाले उपलब्ध

चमकता राजस्थान

जयपुर। राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला का रविवार 19 मई को जवाहर कला केन्द्र में उदघाटन हुआ। शासन सचिव, सहकारिता श्रीमती शुचि त्यागी एवं रजिस्ट्रार श्रीमती अर्चना सिंह की उपस्थिति में सहकारी समितियों की महिला समूहों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर मसाला मेले का अगाज हुआ। जयपुरवासियों की पहली पसन्द बन चुका है, शहरवासी इसका बेसब्री से इन्तजार करते हैं। सहकारिता विभाग 20 वर्षों से अधिक समय से एक ही प्लेटफार्म पर गुणवत्तापूर्ण मसाले जयपुरवासियों के लिए उपलब्ध करा रहा है।

मेले में तमिलनाडु, उत्तराखंड, केरल, पंजाब एवं बिहार की सहकारी संस्थाओं सहित अन्य सहकारी समितियों की 119 स्टॉअल पर उत्पाद बिक्री हेतु उपलब्ध हैं। इससे जयपुरवासियों को एक छत के नीचे विभिन्न प्रदे-शों के उत्कृष्ट उत्पाद मिल सकेंगे। प्रतिस्पर्धा के युग में लोगों का सहकारी उत्पादों पर विश्वास बढ रहा है।

शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार ने मेले में सहकारी संस्थाओं की स्टॉल का दौरा किया तथा उनके द्वारा जयपुरवासियों के लिये लाये गये विशिष्ट मसाला उत्पादों की जानकारी प्राप्त की। मेले में केरल एवं तमिलनाडु की सहकारी समितिओं की ओर से हल्दी, मिर्ची, नारियल तेल, केरल चिप्स, मसाले, नमकीन सहित कई विशिष्ट उत्पाद बिक्री के लिये आकर्षण का केन्द्र है।

इस बार राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला में साबुत एवं पीसे हुए मसालों के साथ-साथ ठण्डक देने के लिये शरबत एवं ठण्डाई की विशेष उत्पाद उपलब्ध कराये गये हैं। उदयपुर भण्डार एवं राजसमन्द भण्डार द्वारा खस, पान, गुलाब आदि शरबत की विस्तृत रेंज शहरवासियों के लिये लाई गई है।

इस मौके पर अतिरिक्त रजिस्ट्रार प्रथम श्री राजीव लोचन शर्मा, मेला प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री विजय कुमार शर्मा, अतिरिक्त रजिस्ट्रार (द्वितीय) श्रीमती शोभिता शर्मा, कॉनफैड की प्रबंध निदेशक ,श्रीमती शिल्पी पांडे सहित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं सहकारजन उपस्थित थे।



# रोडवेज अध्यक्ष का सवाईमाधोपुर दौरा

### भीषण गर्मी के मध्यनजर यात्रियों के लिए पेयजल समेत सभी बुनियादी सुविधाओं के हो पुख्ता इंतज़ाम : अध्यक्ष, रोडवेज

चमकता राजस्थान




जयपुर। रोडवेज अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रीमती श्रेया गुहा रविवार को एकदिवसीय दौरे पर सवाईमाधोपुर पहुँची। इस दौरान उन्होंने सवाईमाधोपुर रोडवेज बस स्टैंड एवं कार्यशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रीमती गुहा ने भीषण गर्मी से यात्रियों को राहत दिलाने के लिए पेयजल समेत सभी बुनियादी सुविधाओं के पुख़्ता इंतज़ाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान रोडवेज अध्यक्ष के साथ आगर मुख्य प्रबंधक गजानंद जांगिड़ सहित प्रबंधक संचालन दिलीप शर्मा प्रबंधक वित्त कपूर चांद जैन एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। रोडवेज सीएमडी रोडवेज डिपो की व्यवस्थाओं एवं साफसफाई से संतुष्ट नजर आई तथा परिसर में खाली जगह में और अधिक पौधारोपण करने के अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देश दिए तथा आगार परिसर में सामुदायिक शौचालय उपयोग में आने के कारण अन्य अनुपयोगी यूरिनल को हटाने हेतु भी निर्देशित किया गया।बस स्टैंड पर मौजूद यात्रियों से भी फीडबैक लिया गया जिसमे यात्रियों को पानी छाया एवं बैठने की व्यस्था तथा रोडवेज में यात्रा के दौरान उनके अनुभव के बारे में पूछा गया तो यात्री रोडवेज स्टैंड की व्यवस्था एवं रोडवेज बस में यात्रा के दौरान रोडवेज सेवा से संतुष्ट नजर आए। कार्यशाला एवं स्टोर के निरीक्षण के दौरान कार्यशाला में मौजूद स्क्रैप को केंद्रीय कार्यशाला भिजवाने हेतु तथा प्रबंधक संचालन को कार्यशाला में और अधिक साफ सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया।

## युगानुकूल नवरचनाओं के लिए तैयार किए जाएंगे कार्यकर्ता: निंबाराम




**चमकता राजस्थान। कोटा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजस्थान क्षेत्र के तीनों प्रान्तो के स्वयंसेवकों का ₹कार्यकर्ता विकास वर्ग - प्रथम₹ का शुभारम्भ वैशाख शुक्ल एकादशी को कोटा में हुआ। वर्ग के प्रारम्भ में वर्ग के सर्वाधिकारी जगदीश सिंह राजपुरोहित जोधपुर , राजस्थान क्षेत्र प्रचारक निंबाराम तथा वर्ग के पालक अधिकारी मनोज कुमार ने भारतमाता के चित्र के समक्ष पुष्पार्पित एवं दीप प्रज्ज्वलन कर वर्ग का विधिवत शुभारंभ किया। वर्ग की जानकारी देते हुए प्रान्त प्रचार प्रमुख राजेन्द्र लालवानी ने बताया कि इस वर्ग में राजस्थान की संघ रचना के 22 विभागों से 359 शिक्षार्थी सहभागिता कर रहे हैं। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए निंबाराम ने कहा कि संघ की 99 वर्ष की यात्रा में आपातकाल व कोरोनाकाल को छोड़कर प्रतिवर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश में संघ के प्रशिक्षण वर्ग लगते आए हैं ।

'कार्यकर्ता विकास वर्ग- प्रथम' विशेष रूप से प्रवासी कार्यकर्ता अर्थात एक शाखा से अधिक शाखाओं की जिम्मेदारी निभाने वालों के लिए यह प्रशिक्षण है। कार्यकर्ता की गुणवत्ता का श्रेष्ठ स्तर निर्माण हेतु प्रशिक्षण वर्गों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है,कार्यकर्ता की गुणवत्ता बढ़ने से कार्य की गुणवत्ता स्वतः बढ़ती है । प्रशिक्षित एवं योग्य कार्यकर्ता का प्रभाव कार्य क्षेत्र में भी दिखाई देता है। आज के समय में समाज परिवर्तन व सज्जन शक्ति को जोड़ना संघ शताब्दी वर्ष में कार्य का मुख्य लक्ष्य है। विकास वर्ग में समाज परिवर्तन की गतिविधियों के बारे में अवगत कराया जाएगा । इस हेतु कार्यकर्ता के व्यवहार में पंच परिवर्तनों पर आग्रह किया जा रहा है जो समाज परिवर्तन हेतु आवश्यक हैं ।

संघ शताब्दी वर्ष में कार्य विस्तार व दृढ़ीकरण तथा समाज से अधिक से अधिक सम्पर्क व संवाद के द्वारा विचार से शत प्रतिशत समाज को जोड़ने का प्रयास प्रवासी कार्यकर्ताओं के माध्यम से किया जाएगा ।

'कार्यकर्ता विकास वर्ग - प्रथम' कोटा में 40 प्रबंधक, 43 शिक्षक व 22 विभाग प्रमुख उपस्थित हैं। वर्ग में सेवा, संपर्क व प्रचार का व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा ।

- **'डिजीटल प्रदर्शनी का किया शुभारम्भ'**

इस अवसर पर क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम द्वारा वर्ग में प्रचार की गतिविधियों के प्रदर्शनी हेतु स्मार्ट स्क्रीन बोर्ड के द्वारा प्रचार की प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया गया

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा हुई मजबूत, प्रदेश की सभी 25 सीटों पर खिलेगा कमलः मुकेश पारीक

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव के पांचवे और छठे चरण के लिए चुनाव प्रचार पीक पर है ऐसे में भाजपा प्रदेश पदाधिकारी दक्षिण भारत के राज्यों में चुनाव प्रचार की कमान संभाले हुए हैं। भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने बताया कि भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों को दक्षिण भारत के आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक,तमिलनाडु और हरियाणा , दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों में चुनाव प्रचार का दायित्व मिला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प 2047 के विजन पर देश की जनता उनके साथ है। आज भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में पांचवे नंबर पर है जो कि अपने आप में रिकॉर्ड है। पीएम मोदी का लक्ष्य है कि अगले कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था को तीसरे नंबर पर लाएंगे।

भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आंतरिक और बा' सुरक्षा के क्षेत्र में मजबूत हुआ है। यूपीए शासनकाल में देश के भीतर आतंकी घटनाएं आम हो गई थी, लेकिन बीते दस सालों में देश में आतंकी घटनाएं तो दूर किसी की हिम्मत नहीं जो भारत की ओर आंख उठाकर भी देखे। देश सहित राजस्थान की जनता प्रदेश की सभी 25 सीटों पर कमल खिलाकर उनकी विजयमाला प्रधानमंत्री मोदी को पहनाएंगे।



# स्वर्गीय पंडित रघुवीर शरण भट्ट एवं स्व. पंडित बृजभूषण भट्ट की स्मृति में जयपुर से आए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मनमोह लिया

चमकता राजस्थान

**अलवर।** संगीतज्ञ स्वर्गीय पं. रघुवीर शरण भट्ट और स्वर्गीय पं. बृजभूषण भट्ट की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जयपुर से आए कलाकारों ने दर्शक ों को अपनी प्रस्तुतियों से आनंदित किया ।

कार्यक्रम की शुरुआत कलाकार रमेश मेवाल ने गणेश वंदना से की एवं मुन्नालाल भाट ने अपनी भजन प्रस्तुति से सभी को मोहित किया । इसके बाद स्व. रघुवीर शरण भट्ट के पौत्र युवा कलाकार गौरव भट्ट ने अपने सितार पर राग बागेश्वरी बजाकर अपनी श्रद्धांजलि दी । इसके बाद राजस्थान के म्यूजिक कंपोजर पंडित आलोक भट्ट ने मोहन वीणा राग चारुकेशी मैं विलंबित और दूत में तीन ताल में बजाकर सभी को मंत्र मुग्ध किया । राजस्थान के सुप्रसिद्ध वायलिन वादक पंडित रवि शंकर भट्ट तैलंग ने पंचतंत्री बेला पर श्याम कल्याण में अपनी वायलिन की प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया है। इनके साथ तबले पर दिनेश खींची ने



असरदार संगत की । सुप्रसिद्ध पखावज वादक पंडित प्रवीण आर्य और उनके सुपुत्र ऐश्वर्या आर्य ने पखावज पर तीन ताल में उठान, चक्रदार उठान, अलग-अलग जातियों की उठान की और चक्रधार परण की प्रस्तुति दी और अंत में कथक गुरु कौशल कांत के निर्देशन में युवा कथक नर्तक युवराज ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत शिव वंदना से और उसके बाद उन्होंने जयपुर घराने का शुद्ध कत्थक में थॉट टुकडे परण चक्रदार परण की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को परवान चढ़ाया ।

कार्यक्रम में तबले पर महेंद्र शंकर डांगी, मानवेंद्र शंकर डांगी एवं आदित्य सिंह राठौड़ ने कलाकारों के साथ संगत की ।

कार्यक्रम का संचालन जयपुर से पधारे सुप्रसिद्ध उद्घोषक आर.डी. अग्रवाल ने किया ।

कार्यक्रम में वायलिन वादक पंडित रवि शंकर भट्ट का पंडित हरिहर शरण भट्ट और गौरव भट्ट ने स्मृति चिन्ह शाल श्रीफल और माल्यार्पण कर उन्हें सम्मान प्रदान किया । सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह पर माल्यार्पण सम्मानित किया गया ।

कार्यक्रम के अंत में हनुमंत भट्ट, मनमोहन भट्ट मैं सभी का आभार व्यक्त किया ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929